Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24


website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 305 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, मंगलवार 04 जून 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जिस तिथि में अतिथि आता है वह तिथि हमें अहिंसा का उपदेश देती है।

The date on which we receive a guest, always reminds us of preaching nonviolence.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### पुलवामा में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर

**पुलवामा (आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के निहामा इलाके में बुधवार को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया आतंकवाद विरोधी अभियान में अब तक मारे गए 2 आतंकवादियों के शव बरामद किए गए हैं। उनकी पहचान और संबद्धता का पता लगाया जा रहा है। ऑपरेशन जारी है। पुलिस ने बताया, पुलवामा जिले के निहामा इलाके में मुठभेड़ शुरू हो गई है। पुलिस और सुरक्षाबल अपना काम कर रहे हैं। पुलिस और सुरक्षाबलों की एक संयुक्त टीम को इलाके में आतंकवादियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी।

### दिल्ली के पास ताज एक्सप्रेस के 4 डिब्बों में लगी भीषण आग, सभी यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से बड़ी खबर सामने आई है. यहां तुगलकाबाद-ओखला के बीच ताज एक्सप्रेस में भयानक आग लग गई है. आग में चार डिब्बे जलकर राख हो गए हैं. वहीं, ट्रेन के डिब्बों से उठती आग की लपटें और धुएं का गुबार देख कर यात्रियों में हड़कंप मच गया. आनन-फानन में घटना की जानकारी रेलवे कंट्रोल रूम को दी गई. सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया. उत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने बताया कि सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं.

## खरीफ के लिए किसानों को मांग के अनुसार गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें : विष्णुदेव साय



**मुख्यमंत्री ने कहा- किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की न हो दिक्कत**

**खाद-बीज के भंडारण और वितरण में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाही**

**सोसायटियों से किसानों को खाद-बीज का लगातार वितरण जारी, डी.ए.पी. खाद की मांग और सप्लाई पर रखें विशेष निगरानी**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आगामी खरीफ सीजन के मद्देनजर सोसायटियो में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। मुख्यमंत्री ने कृषि एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों को मानक स्तर के खाद-बीज का भंडारण एवं उठाव की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखने को कहा है। उन्होंने आगामी 15 जून तक किसानों को उनकी डिमांड के आधार पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज प्रदाय किये जाने की व्यवस्था सोसायटियों के माध्यम से करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि किसानों को खाद-बीज के लिए किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इस संबंध में पहले से ही पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने सोसायटियों में खाद-बीज के भंडारण और वितरण में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही के भी निर्देश दिये है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने खेती-किसानी के दीर्घ अनुभव के आधार पर कहा है कि खरीफ सीजन में किसान भाईयों द्वारा डी.ए.पी. खाद की मांग ज्यादा की जाती है। इसको ध्यान में रखते हुए डी.ए.पी. खाद की मांग और सप्लाई पर विशेष निगरानी रखी जानी चाहिए। उन्होंने खाद-बीज की गुणवत्ता को लेकर भी सेंम्पलिंग एवं प्रयोगशाला के माध्यम से जांच का विशेष अभियान संचालित किया जाए। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने इलाके में खाद-बीज की मांग, भंडारण, उठाव एवं गुणवत्ता की मॉनिटरिंग के निर्देश दिये है। कृषि उत्पादन आयुक्त ने जानकारी दी है कि खरीफ सीजन 2024-25 के लिए राज्य में 13.68 लाख मैट्रिक टन उर्वरकों की मांग के विरूद्ध तक 9.13 लाख मैट्रिक टन उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है, जो मांग का 67 प्रतिशत है। सोसायटियों से किसानों को खाद-बीज का लगातार वितरण जारी है। राज्य में खाद-बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जांच-पड़ताल एवं नमूने लिये जाने की कार्यवाही जारी है। रासायनिक उर्वरकों एवं जैव उर्वरकें के गुण नियंत्रण के लिए 1067 नमूने लिये गए है, जिनकी जांच गुण नियंत्रक प्रयोगशाला में करायी जा रही है। सोसायटियों में विभिन्न खरीफ फसलों के बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। खरीफ सीजन 2024-25 में 5 लाख 59 हजार 203 क्विंटल बीज की मांग के विरूद्ध 6 लाख 39 हजार 4 क्विंटल बीज की उपलब्ध है, जो कि मांग का 114 प्रतिशत है। सोसायटियों से किसान लगातार बीज का उठाव कर रहे है। अब तक 03 लाख 75 हजार क्विंटल बीज का उठाव किसानों ने किया है, जो कि बीज की डिमांड का 67 प्रतिशत है।

## लोकसभा चुनाव में 64.2 करोड़ मतदाताओं ने किया मतदान, रिकॉर्ड संख्या में महिलाओं ने डाला वोट

**मुख्य चुनाव आयुक्त ने ली प्रेस कॉन्फ्रेंस, बताया 7 चरणों का सफर**




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव की मतगणना से पहले आज मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें 7 चरणों के मतदान के आंकड़ों और उपलब्धियों की जानकारी दी गई। आयोग ने कहा कि चुनावों में 64.2 करोड़ लोगों ने मतदान किया, जो यूरोपीय संघ के 27 देशों के कुल मतदाताओं से 2.5 गुना ज्यादा है। इसके अलावा 31 करोड़ महिलाओं ने भी मतदान में हिस्सा लिया, जो दुनिया में सबसे ज्यादा है।

चुनाव आयोग ने कहा, इस बार हमने पहली बार 100 प्रेस नोट रिलीज किए हैं। यह पहला मौका है जब इतने प्रेस नोट जारी किए गए। हमने पूरे चुनाव में ये कोशिश की महिलाओं को लेकर किसी भी नेता के मुंह से कोई ऐसी बात न निकले, जो उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाए। किसी ने की भी तो उस पर सख्त कार्रवाई की गई। हम लोकतंत्र के इस उत्सव में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति का आभार व्यक्त करते हैं।

आयोग ने कहा, कोई ऐसा नहीं बचा, जिसके हेलीकॉप्टर की जांच न की गई है। ये मैसेज था कि जो टीम काम कर रही है, वह डरेगी नहीं। इसका नतीजा है कि 10,000 करोड़ रुपये जब्त किए गए, जो 2019 में जब्त की गई राशि का लगभग 3 गुना है। हमने पैसे और मुफ्त की रेवड़ी का बंटवारा रोका। पहले शराब, साड़ी क्या-क्या नहीं बंटता था। न साड़ी बंटी, न कुकर बंटा, न पैसा बंटा, कहीं देखने को नहीं मिला। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा, जिस तरह वोटिंग योजनाबद्ध तरीके से कराई, उसी तरह मतगणना भी मुस्तैदी से होगी। 10.50 लाख बूथ, एक हॉल में 14 टेबल और 8000 से ज्यादा उम्मीदवार हैं। 30 से 35 लाख लोग बाहर हैं। वहां माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। कम से कम 70 -80 लाख लोगों के बीच काम होगा। गलती हो ही नहीं सकती। मानवीय गलती किसी से भी हो सकती है, उसे हम सुधारेंगे।

चुनाव आयोग ने कहा, पहले होता था आचार संहिता में सारे विकास कार्य बंद हो जाते थे। इस बार हमने इसे बदला, 48 घंटे का समय दिया ताकि सरकारी योजनाएं चलती रहें। इस बार नया नैरेटिव सेट किया गया। राजनेताओं के रिश्तेदारों को मुख्यमंत्री कार्यालय से हटाया गया। 4.56 लाख हिंसा के मामले हमें सीविजिल ऐप पर मिले हैं। कई नेताओं के खिलाफ प्रशासनिक तबादले, नोटिस और एफआईआर जारी किए गए।

## सोनिया गांधी को नतीजे एग्जिट पोल से अलग होने की उम्मीद



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने की उम्मीद जताई है। सोमवार को सोनिया गांधी ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल जो कह रहा है, चुनाव के नतीजे इसके बिल्कुल विपरीत होंगे।

सोनिया गांधी सोमवार को तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री करुणानिधि की जन्म शताब्दी पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंची थी। करुणानिधि को श्रद्धांजलि देने के बाद जब उनसे चुनाव नतीजों और सरकार गठन को लेकर प्रश्न किया गया तो उन्होंने 4 जून को आने वाले नतीजों का इंतजार करने को कहा। सोनिया ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल जो कह रहा है, चुनाव नतीजे उससे एकदम अलग होंगे। एग्जिट पोल में एनडीए को बढ़त मिलने का अनुमान लगाया गया है। इससे पहले कांग्रेस पार्टी कह चुकी है कि एग्जिट पोल सिर्फ मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने का तरीका है। 2004 में सभी एग्जिट पोल ने वाजपेयी सरकार को बहुमत दिया था, मगर सरकार यूपीए गठबंधन की बनी थी। कांग्रेस का कहना है कि इंडिया गठबंधन को 295 से ज्यादा सीटें मिलेंगी।

लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों को लेकर रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों, विधायक दल के नेताओं और पार्टी प्रत्याशियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक भी की थी।

## सवैधानिक संस्थानों पर सवाल उठाना कांग्रेस का चरित्र : साव



**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर। एक्जिट पोल पर सवाल उठाए जाने पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का चरित्र रहा है. जब इच्छा के अनुकूल काम नहीं होता, तो संवैधानिक संस्थानों पर सवाल उठाते हैं. एक्जिट पोल को दूर रखने का काम किया. किस-किस को दूर रखेंगे, जनता ने कांग्रेस को दूर कर दिया है. उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि शुरू से हमने यह कहा था. कांग्रेस पार्टी को छत्तीसगढ़ में प्रत्याशी नहीं मिल रहे हैं. कांग्रेस पार्टी के टिकट पर कोई चुनाव लड़ना नहीं चाहता था. चुनाव लड़ने से पहले कांग्रेस पार्टी हार मान चुकी थी. जनता से नकारे हुए लोगों को कांग्रेस ने मैदान में उतारा. आखिरकार फिर से जनता ने उन्हें बता दिया, परिणाम देख रहे हैं. शेर जनता बनती है, ढेर भी जनता करती है.

## जेपी नड्डा और अमित शाह की बैठक, जीत के जश्न की भाजपा की तैयारी शुरू



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के सात चरणों के मतदान के बाद मतों की गिनती मंगलवार को होनी है। इससे पहले भाजपा खेमे ने जीत के जश्न की तैयारी भी शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी में बैठकों का दौर शुरू हो गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा के आवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक चल रही है जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर भी मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि मतगणना के दिन यानी मंगलवार को मनाए जाने वाले जश्न की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए आज दिन में भाजपा मुख्यालय में भी एक महत्वपूर्ण बैठक हो सकती है। मंगलवार सुबह के कुछ घंटों के दौरान भाजपा नेताओं की प्रतिक्रिया क्या रहेगी और उन्हें किन मुद्दों पर फोकस करना है, इस पर भाजपा आज ही रणनीति तय करेगी। साथ ही नतीजों की घोषणा के बाद मंगलवार शाम को मनाए जाने वाले जश्न की रूपरेखा भी पार्टी आज ही तय करेगी।

पिछले लोकसभा चुनावों की परंपरा को देखते हुए यह तय माना जा रहा है कि चुनाव परिणाम स्पष्ट होने के बाद मंगलवार शाम को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा मुख्यालय जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि पीएम रोड शो करते हुए भाजपा मुख्यालय पहुंचेंगे। अपने संबोधन के दौरान वह एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनाने के लिए देश के मतदाताओं का आभार जताते हुए मेहनत करने के लिए भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं को धन्यवाद भी देंगे।

## एग्जिट पोल करने वाली संस्थाएं भाजपा के लिए बूथ मैनेजमेंट का भी काम करती हैं: अखिलेश

**लखनऊ (आरएनएस)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर कई बड़े आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल करने वाली संस्थाएं भाजपा के लिए बूथ मैनेजमेंट का भी काम करती हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सोमवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में लोकसभा चुनाव नतीजे आने से पहले पत्रकारों को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने भाजपा पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान हम और आप जनता के बीच थे। लोगों ने लोकतंत्र बचाने के लिए मतदान किया। कहीं भी ऐसा नहीं दिखा कि भाजपा के समर्थन में लोग आए।

## मेरे भीतर असीम ऊर्जा प्रवाह : नरेन्द्र मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव 2024 की राजनीतिक व्यस्तताओं के बाद आध्यात्मिक यात्रा पर तमिलनाडु के कन्याकुमारी में प्रवास किया। विवेकानंद मेमोरियल में 45 घंटे के ध्यान के बाद प्रधानमंत्री ने भारत के भावी विकास और देश की वास्तविक ताकत का उल्लेख करते हुए खास संदेश दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया, मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया। इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, पर कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहां आया था। इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे।'

पीएम मोदी ने कहा, कन्याकुमारी का यह स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कश्मीर से कन्याकुमारीज्यह हर देशवासी के अंतर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान है। कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहां एक और महान संगम दिखता है-भारत का वैचारिक संगम! यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। रिपोर्ट के मुताबिक एक जून को कन्याकुमारी से दिल्ली लौटते समय शाम 4.15 बजे से सात बजे के बीच नोट लिखा। उन्होंने इसकी शुरुआत में लिखा, 'कन्याकुमारी में तीन दिवसीय आध्यात्मिक यात्रा के बाद मैं अभी दिल्ली के विमान में सवार हुआ हूं।' बकौल प्रधानमंत्री मोदी, 'आज के वैश्विक परिदृश्य में, एक युवा राष्ट्र के रूप में भारत की ताकत एक अवसर है, ऐसे समय में हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए।' तीन दिवसीय ध्यान के दौरान अपने विचारों के बारे में बताते हुए पीएम ने लिखा, 'वैराग्य, शांति और मौन के बीच, मेरा मन निरंतर भारत के उज्ज्वल भविष्य के बारे में, भारत के लक्ष्यों के बारे में सोच रहा था।'

## दिल्ली-मुंबई अकासा एयर की उड़ान के बीच बम की धमकी, वाराणसी में उतारा गया विमान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली से मुंबई जा रही अकासा एयर की उड़ान को बम धमाके की धमकी मिलने के बाद वाराणसी की तरफ मोड़ दिया गया। विमान में 186 यात्री सवार थे। वाराणसी हवाई अड्डे पर विमान को उतारने के बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद एक खुले स्थान पर विमान की गहनता से जांच की गई। फिलहाल विमान में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। बम की धमकी देने वाले का पता लगाया जा रहा है। अकासा एयर के प्रवक्ता ने कहा कि 3 जून के दिल्ली से मुंबई जा रही फ्लाइट क्यूपी 1719 में एक बच्चा, 6 चालक दल के सदस्य और 186 यात्री सवार थे।

## मुख्यमंत्री साय बोले- आत्मानंद स्कूलों का नहीं बदलेगा नाम, बिजली दर में इजाफा को बताया बेहद मामूली

**मुख्यमंत्री ने एग्जिट पोल आने के बाद बीजेपी की जीत को लेकर किया बड़ा दावा**

**मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर क्लीन स्वीप की बात कही**

**सीएम ने छत्तीसगढ़ में बढ़े बिजली के रेट को बताया मामूली इजाफा**




**बालोद (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एग्जिट पोल आने के बाद बीजेपी की जीत को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर क्लीन स्वीप की बात कही है। प्रदेश में बढ़े बिजली के रेट को उन्होंने मामूली इजाफा बताया है। एक जून को देश के तमाम मीडिया हाउस और चैनलों की तरफ से एग्जिट पोल का आंकड़ा जारी किया गया। सभी एग्जिट पोल ने लोकसभा चुनाव में बीजेपी की बंपर जीत का अनुमान लगाया है। छत्तीसगढ़ में भी बीजेपी को 9 से ज्यादा सीटें मिलने का अनुमान एग्जिट पोल में जारी किया गया है। जबकि कांग्रेस को 1 से दो सीटें मिलने की बात कही जा रही है। एग्जिट पोल के आंकड़ों को लेकर सीएम विष्णुदेव साय ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर कमल खिलेगा और बीजेपी की जीत होगी।

**सीएम ने मां गंगा मईया मंदिर के किए दर्शन :** सीएम विष्णुदेव साय ने रविवार को बालोद जिला मुख्यालय से लगे ग्राम हीरापुर में निषाद समाज के कार्यक्रम में शिरकत की। उसके बाद उन्होंने मां गंगा मइया मंदिर में दर्शन किया। सीएम विष्णुदेव साय ने ग्राम झलमला स्तिथ मां गंगा मंदिर में पूजा अर्चना के दौरान प्रदेश वासियों की खुशहाली की कामना की। उन्होंने मां गंगा मईया की आरती उतारी। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर जीत का दावा किया।

**बिजली की दरों में किया मामूली इजाफा :** मीडिया ने इस दौरान छत्तीसगढ़ में हुई बिजली बिल की दरों में इजाफे को लेकर सीएम से सवाल पूछा, इस सवाल के जवाब में सीएम ने कहा कि हमने बिजली की दरों में मामूली इजाफा किया है। सिर्फ 20 पैसे प्रति यूनिट बिजली की दर को बढ़ाने का काम काम किया है। यह आज के हिसाब से बेहद सामान्य है। अगर बिजली का बिल नहीं बढ़ाया तो विद्युत व्यवस्था कैसे दुरुस्त होगी।

**पूर्व सएम भूपेश बघेल पर किया पलटवार :** सीएम विष्णुदेव साय ने यहां पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर पलटवार किया, भूपेश बघेल ने आत्मानंद स्कूलों के नाम बदलने का आरोप मौजूदा सरकार पर लगाया। इस पर सीएम साय ने कहा कि हम प्रदेश के अधिकांश स्कूलों को पीएमश्री स्कूल योजना के तहत ला रहे हैं। पीएमश्री के रूप में स्कूलों को बेहतर किया जा रहा है। इसके लिए केंद्र से सहायता भी मिल रही है। 2 करोड़ रुपए सर्वांगीण विकास के लिए मिल रहा है। हमारे पूरे छत्तीसगढ़ से 300 स्कूलों को इसके लिए चुना गया है। आत्मानंद स्कूलों को भी हम पीएम श्री में शामिल करा रहे हैं ताकि बेहतर व्यवस्था हो सके। आत्मानंद स्कूलों के नाम बदलने की कोई बात नहीं है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, जब तक बिजली का दर बढ़ाया नहीं जाएगा, तब तक बिजली व्यवस्था दुरुस्त कैसे हो पाएगी, बिजली के रेट का मामूली दर बढ़ाया गया है, मात्र 20 पैसे प्रति यूनिट बिजली के रेट में इजाफा किया गया है, हमें अधिक से अधिक लोगों तक बिजली पहुंचाना है तो व्यवस्था बनाए रखने के लिए हम पैसे बढ़ा रहे हैं, 400 यूनिट तक बिजली बिल हम हाफ भी कर रहे हैं, मौजूदा समय में 20 पैसा प्रति यूनिट ज्यादा नहीं है।


## मतगणना स्थलों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होगी : निर्वाचन आयुक्त

**प्रत्येक राउंड के बाद प्रत्याशियों को मिले मतों की घोषणा सार्वजनिक रूप से जाएगी**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** 18वीं लोकसभा के गठन के लिए 7 चरणों में 11 सीटों के लिए छत्तीसगढ़ में हुए मतदान के उपरांत निर्वाचन सदन में आयोजित पत्रकारवार्ता में निर्वाचन आयुक्त रीना बाबा साहेब कंगाले ने पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि सेजबहार स्थित इंजीनियरिंग महाविद्यालय में 4 जून को सुबह 8 बजे मतगणना के लिए पूर्ण तैयारियां कर ली गई है। मतगणना स्थल में निष्पक्ष माहौल को बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था तगड़ी की गई है। एक हजार से अधिक जवान एवं अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था को संचालित करने के लिए मतदान स्थल पर तैनात होंगे। रायपुर लोकसभा के लिए 14-14 टेबल मतगणना के लिए रखे जाएंगे। सर्वप्रथम बैलेट बाक्स हुए मतदान में डाले गये मतों की गिनती की जाएगी। तत्पष्चात 33 जिला मुख्यालयों में क्रमषः आयोग के निर्देषानुसार मतगणना की जाएगी। प्रत्येक राउंड के उपरांत प्रत्याषियों को मिले मतों की घोषणा की जाएगी। निर्वाचन आयुक्त ने पत्रकारवार्ता में बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु समस्त 11 लोकसभा क्षेत्रों में मतगणना कल दिनांक 04 जून 2024 प्रातः 8 बजे से प्रांरभ होगी। सभी 11 लोकसभा क्षेत्रों की मतगणना लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 33 जिला मुख्यालयों में होगी एवं प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना एक पृथक हॉल में की जावेगी। राज्य में मतगणना हेतु 94 मतगणना हॉल नियत किये गये हैं जिनमें वि.स. क्षेत्र रामानुजगंज, सामरी, कोण्डागांव एवं केशकाल में दो-दो को छोड़कर शेष सभी 86 विधानसभा क्षेत्रों में मतगणना एक-एक हॉल में की जावेगी।

मतगणना स्थलों का संम्पूर्ण पता, दिनांक, समय और मतगणना प्रक्रिया की पूर्व सूचना सभी अभ्यर्थियों को रिटर्निंग अधिकारियों के द्वारा प्रदान कर दी गयी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना दिवस दिनांक 04 जून, 2024 को राज्य के सभी जिलों में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। 11 लोकसभा क्षेत्रों में 90 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना हेतु 11 रिटर्निंग अधिकारी, 476 सहायक रिटर्निंग अधिकारी 4362 गणनाकर्मी एवं 1671 माईक्रो-ऑब्जर्वर नियुक्त किये गये है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 11 लोकसभा क्षेत्रों की 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 42 काउटिंग ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए है। प्रत्येक गणना मेज पर मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं प्रेक्षक के प्रतिनिधि के रूप में एक माईक्रो-ऑब्जर्वर होगा, जो केन्द्र सरकार के उपक्रम का अधिकारी होगा। प्रत्येक हॉल में लोकसभा क्षेत्र में शामिल विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम मतगणना हेतु 6 विधानसभाओं पंडरिया, कवर्धा, सारंगढ़, बिलाईगढ़, भरतपुर-सोनहत एवं कसडोल में 21 मेजों एवं अन्य सभी 84 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 14 मेजों में गणना की जावेगी। 11 लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा सर्वप्रथम डाक मतपत्रों की गणना की जावेगी, और इसके प्रारंभ होने के 30 मिनट पश्चात् रिटर्निंग ऑफिसर के मुख्यालय के विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम की गणना प्रारंभ की जायेगी। रिटर्निंग ऑफिसर के मुख्यालय जिले से भिन्न स्थित 22 जिलों के विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम की गणना प्रातः 8.00 बजे ही प्रांरभ हो जावेगी। डाक मतपत्रों की गणना केवल रिटर्निंग ऑफिसर के मुख्यालय जिलों पर ही की जावेगी। डाक मतपत्रों की गणना हेतु पृथक हॉल (कांकेर एवं महासमुंद में दो-दो हॉल तथा शेष अन्य 9 लो.स. निर्वाचन क्षेत्रों में एक-एक हॉल) निर्धारित किया गया है एवं अधिकतम 500 डाक मतपत्र के लिये एक गणना मेज की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त ईटीपीबीएस के प्री-काउंटिंग के लिये आवश्यकतानुसार तकनीकी कर्मियों, स्कैनर, एवं कम्प्यूटर्स की व्यवस्था की गयी है। प्रत्येक मतगणना हॉल में अभ्यर्थियों/गणना एजेन्टों के लिए पृथक प्रवेश द्वार होगें तथा रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं गणना में लगे अन्य कर्मचारियों के लिए भी पृथक प्रवेष द्वार होगें।




# दामिनी एप्प से मिलेगी आकाशीय बिजली घटित होने की पूर्वानुमान

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** आकाशीय बिजली घटित होने के कारण जन एवं पशु हानि की घटनाओं से निपटने हेतु भारत सरकार द्वारा दामिनी एप्प विकसित की गई है। इस एप्प से आकाशीय बिजली घटित होने की पूर्वानुमान(20 से 31 किलोमीटर का दायरा), आवश्यक तैयारी एवं उपाय की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

इसीप्रकार मेघदूत एप्प तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा से सम्बंधित है जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दोनों एप्प को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्रॉइड मोबाईल पर डाउनलोड किया जा सकता है।

कलेक्टर श्री के. एल. चौहान ने दामिनी एप्प एवं मेघदूत एप्प के उपयोग के सम्बंध में जिला, तहसील एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में निवासरत पटवारी,

शासकीय शिक्षक एवं पंचायत सचिव के माध्यम से वृहद स्तर पर प्रचार- प्रसार कराने के साथ ही कोटवार द्वारा मुनादी करवाने तथा एप्प डाउनलोड करवाने के निर्देश दिए हैं।

# मतगणना कर्मचारियों का किया गया द्वितीय रेण्डमाइजेशन



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत हुए मतदान के बाद 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां तेज हो गई है। आज जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान एवं गणना पर्यवेक्षक अविनाश जे की मौजूदगी में मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों का दूसरा रेण्डमाइजेशन पूरा हुआ। जिसमें अधिकारी कर्मचारियों को विधानसभा का एलॉटमेंट किया गया है। दो विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिए 14-14 टेबल एवं विधानसभा क्षेत्र कसडोल के लिए 21 टेबल लगाए गए है जिसमें मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर शामिल है। इसके कल सुबह ही तीसरा रेण्डमाईजेशन के बाद कार्मिकों को गणना टेबल आबंटित होगी। कलेक्टर ने बताया कि प्रथम रेंडमाइजेशन में 120 प्रतिशत कार्मिकों को लेकर आवश्यक कार्मिकों का चयन किया था। द्वितीय रेंडमाइजेशन सॉफ्टवेयर के माध्यम से इन कार्मिकों को आज विधानसभा एलॉट किया गया इसके साथ ही मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी तरह दुरुस्त हैं। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भूपेंद्र अग्रवाल, अमित गुप्ता, नितिन तिवारी, एनआईसी जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एस एन प्रधान, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी प्रोग्रामर ओंकार वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**गणना पर्यवेक्षको की हुई नियुक्ति :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03 जांजगीर-चांपाअंतर्गत उपक्षेत्र विधानसभा कसडोल 44 हेतु अविनाश जे कटाड़े एवं लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 08 रायपुर उपक्षेत्र विधानसभा बलौदाबाजार 45 तथा भाटापारा 46 के लिए संजय कुमार को गणना प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

## एलईडी के माध्यम से दी जाएगी मतगणना परिणाम की लाइव जानकारी

**बलौदाबाजार।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना की पल-पल की जानकारी हेतु निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान के निर्देश पर जिला मुख्यालय सहित सभी नगरीय निकायों के मुख्य चौक चौराहों में एलइडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है। जिसके तहत जिला मुख्यालय में अंबेडकर चौक एवं नगर भवन, भाटापारा नगर सिटी सेंटर मॉल, सिमगा सभा-कक्ष, कार्यालय नगर पंचायत, कसडोल नगर में मंच बजरंग चौक एवं नगर भवन हाल में, पलारी नगर में कार्यालय नगर पंचायत भवन एवं बस स्ट्रैंड के नजदीक, लवन में नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में एलईडी स्क्रीन लगाई गई है।


### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11712/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 01-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11712
वार्ड का नाम- 34 - लाल बहादुर शास्त्री

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **34** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR332E00219** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DR. S. SINGH PANDHER** पिता/पति श्री/श्रीमती ....... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MINNIE SINGH PANDHER** पिता/पति श्री/श्रीमती **HARTEJ PAL SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11774/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 01-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11774
वार्ड का नाम- 34 - लाल बहादुर शास्त्री

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **34** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR332F00243** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. KANTI DEVI PANDEY** पिता/पति श्री/श्रीमती **BRIJBHUSHAN PANDEY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. PRAMOD KUMAR PANDEY 2. NISHA PANDEY** पिता/पति श्री/श्रीमती **1. SW. BRIJBHUSHAN PANDEY 2. SW. PRADEEP KUMAR PANDEY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11716/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 01-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11716
वार्ड का नाम- 48 - मदर टेरेसा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **48** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR443G00028** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MOHAMMAD JAMAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **MOHAMMAD MAHBUL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **REKHA SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **KANTA SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./11582/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 03-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11582
वार्ड का नाम- 50 - रानी दुर्गावती वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **50** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR445B00583** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHASHBIR KAUR SANDHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HARDEEP SINGH SANDHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHRI BAVINDER CHUGH AND SMT. AKANKSHA UBOWEJA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O SHRI SATISH CHUGH AND D/O SHRI INDER SINGH UBOWEJA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री दिनेश कोसरिया
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### NMDC Ltd.
एनएमडीसी NMDC

(A Govt. Of India Enterprise) (ISO 9001 Company)
Bailadila Iron Ore Mines, Bacheli Complex
Bacheli, Distt. - South Bastar (Dantewada), CG - 494553
Phone No.: Phone No.: 07857-230210, Mob.: 8085559082

//e-Tender Notice//

दिनांक 04.06.2024

**बी आई ओ एम / बीसी / संविदा / प्रकाशन/2024-25/085/**
निम्नांकित कार्यों के लिए एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, बचेली कॉम्प्लेक्स द्वारा ई निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक निविदादाता CPP Portal अथवा www.nmdc.co.in अथवा http://www.mstcecommerce.com/ eprochome/nmdc/ पर देख सकते हैं एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जारी किए जाने वाले किसी भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट के लिए, बोली लगाने वाले को समय-समय पर ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर उसे नोटिस करना चाहिए। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। निविदा फॉर्म को केवल ऑनलाइन ऊपर दिये गए MSTC के पोर्टल में निर्धारित अंतिम तिथि के 3:30 बजे शाम तक जमा किया जाएगा एवं 4:00 बजे शाम खोला जाएगा।

| | MSTC Ref. No. NMDC/ Bacheli/ 24-25/ET/ | NMDC Tender. No. BIOM/BC/ CONTRACTS /OTE(85)/24-25/ | Short Description of Work | EMD (Rs.) | Last Date of Sub'n |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/121 | E-029 | Repairing and Maintenance of 33 KV VCB and CR Panel at Main Sub station, Bacheli | 13,308/- | 04-07-2024 |
| 2 | 35/123 | E-033 | CAMC of Wireless VHF Sets of Bacheli Complex for 3 years | 24,603/- | 04-07-2024 |
| 3 | 32/120 | C-372 | Construction of Rest Room including internal Electrifications at Screening Plant Dep-05, BIOM Bacheli Complex. | 20,100/- | 05-07-2024 |
| 4 | 36/162 | C-370 | CONSTRUCTION OF DOUBLE STOREY BUILDING (MECHANICAL/ELECTRICAL STORE) AT DOWNHILL-5 INCLUDING ELECTRIFICATION WORK. | 1,02,600/- | 05-07-2024 |

विभागाध्यक्ष (अनु० एवं से०) अनु०
बीआईओएम, बचेली कॉम्पलेक्स

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11680/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 01-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11680
वार्ड का नाम-12- महात्मा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **12** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR235D00087** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PURUSHOTTAM KHUSHALANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE JEWAT RAM KHUSHALANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **OM PRAKASH KHUSHALANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE JEWAT RAM KHUSHALANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11681/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 01-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11681
वार्ड का नाम-12- महात्मा गांधी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **12** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR235D00089** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. DEEPA KHUSHALANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **PURUSHOTTAM KHUSHALANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **POOJA KHUSHALANI** पिता/पति श्री/श्रीमती **OM PRAKASH KHUSHALANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11414/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 01-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11414
वार्ड का नाम-30 - शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **30** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331C0224B** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ASHOK AND GYAN MAKHIJA** पिता/पति श्री/श्रीमती **T.M. MAKHIJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. RASHMI DEVI MAKHIJA, 2. GYAN MAKHIJA** पिता/पति श्री/श्रीमती **1. SW. ASHOK MAKHIJA, 2. TAMANLAL MAKHIJA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **कोर्ट आदेश के आधार पर**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11713/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 01-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11713
वार्ड का नाम-30 - शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **30** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331D00052** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ANIL KUMAR GUPTA** पिता/पति श्री/श्रीमती **LATE. SURAJ PRASAD GUPTA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANJEEV KUMAR DEWANGAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **MADAN LAL DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **कोर्ट आदेश के आधार पर**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./3758/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 01-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 3758
वार्ड का नाम- 29 - गुरू गोविंद सिंह वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **29** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR334E00200** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HEMANT KUMAR** पिता/पति श्री/श्रीमती **RIKHIRAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. श्री राहुल गृहकार 2. श्री रिशब गृहकार** पिता/पति श्री/श्रीमती **श्री हीरालाल गृहकार** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **मलमा बिक्रीनामा एवं शपथ पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11724/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 01-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11724
वार्ड का नाम- 29 - गुरू गोविंद सिंह वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **29** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330F0406A** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. HARJEET KAUR** पिता/पति श्री/श्रीमती **PRITPAL SINGH BAGGA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NEERAJ AGRAWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **DAMODAR PRASAD AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11759/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 01-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11759
वार्ड का नाम- 29 - गुरू गोविंद सिंह वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **29** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR330G00271** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MANZOOR AHMAD** पिता/पति श्री/श्रीमती **DEEN MOHAMMAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MUSHTARI BEGAM** पिता/पति श्री/श्रीमती **MANZOOR AHMAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, सहमति पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./11715/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 01-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11715
वार्ड का नाम- 29 - गुरू गोविंद सिंह वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- **29** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR334E00194** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. V. LEELAWATI D/O LATE. V. LOKNATH, SMT. V. LEELAWATI W/O DINESH PATRE** पिता/पति श्री/श्रीमती ....... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DILIP BHARTI** पिता/पति श्री/श्रीमती **BIRBAL BHARTI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत **बोरियाकला कॉलोनी,** रायपुर में स्थित **CEDAR-II/44, श्री पंकज कुमार झा पिता श्री जितेन्द्र नाथ झा,** के नाम से एकमुश्त आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड दिनांक **08.01.2015** को पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक **3945** दिनांक **01.08.2016** के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्री पंकज कुमार झा पिता श्री जितेन्द्र नाथ झा,** निवासी- रजबंधा मैदान एकात्म परिसर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्री सापावत नागुलू पिता श्री सापावत संगया नायक चक्रधारी,** निवासी- मकान नम्बर सेहार-43, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बोरियाकला रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र **(NOC)** की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के **विक्रय के संबंध में** किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षक्रकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **खिलौरा,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी. भवन क्र.-50 श्री हरि मोहन पिता श्री ओमप्रकाश,** निवासी- हेड क्वाटर छत्तीसगढ़ एवं उड़ीसा सब एरिया कोटा कॉलोनी सुयश हॉस्पिटल के सामने रायपुर, तह. व जिला- रायपुर (छ.ग.), के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक **3948** दिनांक **08.06.2009** के माध्यम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित है। आवासीय फ्लैट 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड किये जाने में** किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **खिलौरा,** रायपुर में निर्मित **एल.आई.जी. भवन क्र.-152 श्री आशीष साहू पिता श्री हरीश चन्द्र साहू,** निवासी- 203/डेदवार पारा साहू फेबिक्रेशन मूजगहन रायपुर, तह. व जिला- रायपुर (छ.ग.), के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक **817** दिनांक **27.01.2009** के माध्यम भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित है। आवासीय फ्लैट 30 वर्ष के लीज में छत्तीगसढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड किये जाने में** किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनांतर्गत **बोरियाकला** रायपुर में निर्मित **भवन क्रमांक बनयान-II/126, श्री अर्नव विकाश पिता श्री संतोष त्रिपाठी,** निवासी- मकान नम्बर-II, सेक्टर-02, गीतांजली नगर, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भू-खण्ड/भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा नामांतरित है, उक्त भू-खण्ड/भवन को **फ्री-होल्ड** के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका **फ्री-होल्ड** संपरिवर्तन किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को भू-खण्ड/भवन का **फ्री-होल्ड किये जाने में** किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./11617/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 03-06-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 11617**
**वार्ड का नाम- 14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR221B00076** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **GIRISH KUMAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GOVIND RAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती नयना राठौड़** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति- श्री गिरीश राठौड़** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /11814/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 03-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11814
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L00414** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KHAILDAS THAKWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **GURNA MAL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHD SONU KHAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SALHAUDDIN KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्रकरण क्र. 129 दिनांक 03.06.2024
वार्ड का नाम- शहीद चन्द्रशेखर आजाद वार्ड
वार्ड क्र. 31 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **31** मांग **पंजी क्र. 11 युआईडी 27179** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **नारद सिंह राजपूत / जगमोहन सिंह** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1. प्रमोद सिंह राजपूत 2. मनोज सिंह राजपूत 3. मोहिनी सिंह राजपूत / स्व. नारद सिंह ठाकुर** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **03-07-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्रकरण क्र. 130 दिनांक 03.06.2024
वार्ड का नाम- लाल बहादुर शास्त्री वार्ड
वार्ड क्र. 12 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **12** मांग **पंजी क्र. 215 युआईडी 16142** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **रामनारायण शर्मा / रमाशंकर शर्मा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **लालबाबू शर्मा / स्व. राजनारायण शर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **03-07-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

# संपादकीय

## सचमुच गालीप्रूफ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के शायद एकमात्र ऐसे नेता हैं जिनके किसी भी कृत्य पर, किसी भी वक्तव्य पर, किसी भी विचार और अभिव्यक्ति की किसी भी भंगिमा पर सामान्य प्रतिक्रिया नहीं होती। प्रतिक्रियाओं की हिलोर उठती है जो एक तरफ इनके अनुयायियों, प्रशंसकों और भक्तों को उत्साहित, प्रफुल्लित और उमंगित कर देती है तो दूसरी ओर उनके निंदकों को चिढ़ा देती है, उनमें विरोध पैदा करती है और कभी-कभी दुर्दभनीय गुस्सा भी पैदा करती है। शायद इस समय मोदी दुनिया के एकमात्र नेता होंगे जिनकी इतनी कटु आलोचना की गई हो। मोदी बड़े ठहरे हुए अंदाज में स्वयं को दी गई गालियों की संख्या और प्रकृति का जिक्र करते हैं और यह भी कहते हैं कि वह गालीप्रूफ हो चुके हैं। उनकी मुद्रा से लगता भी यही है कि वे सचमुच गालीप्रूफ हो चुके हैं। अब चुनाव के दौर में एक-एक दिन में कई-कई रैलियों को अनथक संबोधित करने के बाद और विरोध तथा समर्थन की अनेकानेक प्रतिक्रिया उत्पन्न करने के बाद प्रचार की समाप्ति पर उन्होंने 48 घंटे मौन व्रत साधना कन्याकुमारी के विवेकानंद स्मारक पर करने का निर्णय लिया तो उनका यह भला सा लगने वाला कदम भी विपक्षियों को कुरेदे बिना नहीं रह सका। बहुत से लोग जो प्रधानमंत्री को एक ही तर्ज पर, एक ही भाषा में, लगभग एक जैसी विषयवस्तु के ईर्द-गिर्द मोटे-तगड़े, कटु-कर्कश वाक प्रहार करते ऊब गए थे, उन्होंने सचमुच राहत की सांस ली कि कम-से-कम 48 घंटे उन्हें शांति के प्राप्त होंगे। कायदे से विपक्ष को भी उस चुप्पी पर चैन की सांस लेनी चाहिए थी कि भले ही चुनाव के अंत में ही सही कुछ घंटे तो शांति मिल ही रही है, लेकिन 'झड़े में कूड़ा' फेंक दिया। कहा कि मोदी मौन रहकर कैमरे के जरिये अपना प्रचार कर रहे हैं, वो तप नहीं तमाशा कर रहे हैं और कुछ ने तो ये कह दिया कि हार के डर से भगवान की शरण में गए हैं।बहरहाल, विपक्ष का जो काम है वह कर रहा है लेकिन देश के लोग कामना कर सकते हैं कि जिस शिला पर कभी विवेकानंद ने तपस्या की थी उसी तरह से मोदी भी ध्यान-साधना समाप्ति के पश्चात ऐसे भारत की संकल्पना लेकर लौटेंगे जो सर्वसमावेशी हो, जिसकी शैली भद्रतापूर्ण लोकतांत्रिक हो, जिसकी व्यावहारिकता निंदा, आलोचना, आरोप-प्रत्यारोप की न होकर परस्पर समझदारी, सहयोग और सहकार की हो। मोदी ऐसी साधना कर रहे हों तो सफल हों।

# देश के लोकसभा चुनाव में कम मतदान क्यों होता है?

डा. वरिंदर भाटिया



इसे अनिवार्य बनाने से अधिक लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित होंगे इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान का कम प्रतिशत लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं कहा जा सकता है। 2024 के लोकसभा चुनाव की शुरुआत से ही कम मतदान प्रतिशत से असमंजस बढ़ रहा है। लोगों का अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने में इस प्रकार से कम दिलचस्पी लेना यकीनन मजबूत लोकतंत्र के लिए अच्छा संकेत नहीं है। आइए, इस मुद्दे का विश्लेषण करें। भारत में गरीब और अल्पसंख्यक वर्ग को वोट एक अस्त्र जैसा लगता है जिसके इस्तेमाल से वे अपनी अहमियत जता सकते हैं। तो ये लोग कोशिश करते हैं कि वोट अवश्य दें। शहरों के गरीबों में एक बड़ी संख्या प्रवासी लोगों की होती है जिनके नाम मतदाता सूची में नहीं होते हैं, जबकि गांवों में कई बार मतदान केंद्र बहुत दूर होते हैं जिसकी वजह से भी कई लोग मतदान करने नहीं जाते हैं। फिर भी कुल मतदान प्रतिशत में इस वर्ग के लोगों का प्रतिशत 30 से कम नहीं होता है। इनके द्वारा अल्पसंख्यकों की समर्थक पार्टी या जाति आधारित पार्टी या पैसा बांटने वाली पार्टी को वोट देने की संभावना ज्यादा होती है। बाकी 20 प्रतिशत मतदान निम्न मध्यम वर्ग और कुछ मध्यम वर्ग द्वारा किया जाता है। उच्च वर्ग अक्सर मतदान से विरक्त रहता है। इस प्रकार सामान्य समय में जब हम 50 प्रतिशत मतदान देखते हैं तो इसका अर्थ होता है कि लोग सरकार से न तो ज्यादा खुश होते हैं, न ज्यादा असंतुष्ट होते हैं। लेकिन जब सरकार निरंकुश, भ्रष्ट, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण करती या निष्क्रिय प्रतीत होती है, तो मध्यम वर्ग और बहुसंख्यक वर्ग अपनी पूरी ताकत के साथ सरकार बदलने के लिए बाहर निकलता है और मतदान प्रतिशत में 15 से 20 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हो जाती है। इस प्रकार यह देखा गया है कि जब भी मतदान 60 प्रतिशत से काफी ऊपर हो जाता है तो विपक्ष की पार्टी जीत जाती है। जीवंत लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि मतदाता पूरी सक्रियता और तन्मयता से चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा बने, लेकिन इस बार के चुनाव में पहले चरण से ही देखने में आया कि मतदान के रोज अनेक मतदाता अपने परिवार के साथ घूमने-फिरने निकल पड़े। कुछ कहते सुने गए कि उनके परिवार के मत न भी पड़े तो क्या फर्क पड़ेगा? जीतने वाली पार्टी तो जीत ही जाएगी। बाहरी उम्मीदवार की मौजूदगी भी कम मतदान के उभरते हुए कारणों में एक है। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी होने के कारण भी मतदाता वोट करने घर से नहीं निकल रहे। चुनाव आयोग ने पहले चरण के कम वोट प्रतिशत रहने पर अपनी कोशिशें और तेज कर दी थी ताकि ज्यादा से ज्यादा मतदाता वोट करने घरों से निकलें, लेकिन मतदाता की उदासीनता टूटी नहीं। दिल्ली जैसे राजधानी शहर, जहां के निवासी बनिस्बत पढ़े-लिखे और जागरूक माने जाते हैं, में भी मत प्रतिशत पिछली दफा से भी कम रह जाना वाकई चिंता की बात है। दरअसल, एक तो चुनाव में कोई लहर नहीं बन सकी है, और चुनाव पूरी तरह स्थानीय मुद्दों पर आ सिमटा है, मगर कम मतदान को किसी भी तर्क से वाजिब नहीं ठहराया जा सकता है। कम मतदान चिंता की बात है। भारत के घटते मतदाता टर्नआउट के लिए पांच स्पष्ट कारण हैं। सामान्य तौर पर, पहला, बहुत से समृद्ध और शहरी निवासियों का मानना है कि सरकार पर निर्भर न होने के कारण उनके जीवन पर मतदान का बहुत कम बोझ है। दूसरा, प्रवासन के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने शहरों से बाहर निकल गए हैं। तीसरा, युवा और मध्यम वर्ग के मतदाताओं को अक्सर ऐसे राजनीतिज्ञों से संबंधित करना मुश्किल हो जाता है जो आपराधिक, सामंती प्रभु या नीतिगत विशेषज्ञता के अभाव वाले सेलिब्रिटी हैं। चौथा, कुछ लोग मतदान नहीं करते बल्कि वास्तविकता में वे मुद्दों या उम्मीदवारों से अनभिज्ञ हैं। पांचवां, मतदान को प्रोत्साहित करने के लिए सेलिब्रिटी और आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करने में पूरी सफलता नहीं मिली है। आज तमाम राजनीतिक दल, उम्मीदवार और खुद चुनाव आयोग भी इस बात को लेकर चिंतित नजर आ रहा है कि आखिर लोग वोट देने घरों से क्यों नहीं निकले? कम वोटिंग के पीछे गर्मी बड़ा कारण भले ही न हो, लेकिन एक कारण जरूर हो सकता है। कई वर्षों के बाद अप्रैल महीने में इतनी तेज गर्मी पड़ी है। इससे कुछ फर्क पड़ता दिखाई दे रहा है। लेकिन दूसरी तरफकम से कम मैं तो गर्मी की वजह से वोटिंग कम होने को बड़ा कारण नहीं मानता। अगर ऐसा होता तो फिर सुबह और शाम वोटिंग प्रतिशत अधिक होता, जो अभी तक ट्रेंड में दिखाई नहीं दिया। वोटर लिस्ट में वोटर और वोट देने वालों में अंतर के कई कारण हो सकते हैं। जैसे, वोटर उस समय उस स्थान पर से कहीं कार्य के लिए बाहर चला गया। वह कार्य निजी, व्यावसायिक या नौकरी का हो सकता है। करोड़ों सरकारी कर्मचारी चुनाव ड्यूटी में लगाए जाते हैं। हालांकि उनको पोस्टल बैलेट की सुविधा दी जाती है, लेकिन उसमें फार्मलिटी अधिक है। इसलिए बहुत से फॉर्म नहीं भरते। कई लोग नौकरी दूसरे शहरों में करते हैं, लेकिन वोट अपनी पुश्तैनी जगह ही बनवाया हुआ होता है। वोट के लिए ही अपने शहर या ग्राम खुद के खर्च से जाकर वोट के लिए ही लोग जा नहीं पाते। कुछ लोगों ने दो जगह भी वोट बनाया होता है, एक पुश्तैनी जगह, दूसरा नौकरी का शहर। वह एक ही जगह तो वोट डाल सकते हैं। कुछ स्टूडेंट्स दूसरी जगह पढ़ाई कर रहे होते हैं और होस्टल में या किराए पर रहते हैं। वे भी वोट डालने नहीं आ पाते। वृद्ध लोग या अकेली गृहिणी भी वोट देने में संकोच करती है। कुछ लोग बीमार हो सकते हैं। कुछ लोगों की शादी होने पर दूसरी जगह जाने से या वोटर का निधन होने से भी वोट नहीं पड़ पाता। कुछ लोग स्विंग वोटर होते हैं, वे नार्मल परिस्थितियों में वोट देने की जहमत नहीं उठाते। ये लोग जब वर्तमान सरकार को हटाना होता है, तब दूसरे पक्ष के फेवर में वोट करते हैं। बाकी जो जिस पार्टी के वोटर हैं, वे तो अपनी-अपनी लॉयल पार्टी को वोट करते ही हैं। ये स्विंग वोटर ही मतदान का प्रतिशत बढ़ाते हैं। परंतु अगर शत-प्रतिशत मतदान नहीं हो रहा है, तो डेमोक्रेसी के लिए इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं हो सकता। हमें मतदान को मूलभूत आवश्यकता के रूप में समझकर मतदान करना चाहिए, साथ ही औरों को भी प्रेरित करना चाहिए। मतदान एक मौलिक अधिकार और एक नागरिक कर्तव्य है। इसे अनिवार्य बनाने से अधिक लोग लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित होंगे। और यह सुनिश्चित होगा कि सरकार लोगों की इच्छा की प्रतिनिधि है। मतदान डेमोक्रेसी की आत्मा है। गलत मतदान/मतदान नहीं करना, तटस्थ मतदान, लालच, सम्प्रदाय, जाति, पंथ, भाषा या क्षेत्रवाद से प्रेरित होकर मतदान करना किसी भी डेमोक्रेसी के लिए सही नहीं है।

## विशेष लेख

# ईवीएम किसकी सरकार बनाएगी

रजनीश कपूर

वर्ष 2024 के लोक सभा चुनाव अपने अंतिम चरण तक पहुंच गए हैं। आने वाले दिनों में सभी को चुनावी एग्जिट पोल और 4 जून का बेसब्री से इंतजार रहेगा। सभी यह देखना चाहेंगे कि विवादों में घिरी 'ईवीएम' किसकी सरकार बनाएगी? हर राजनैतिक दल बड़े-बड़े दावे कर रहा है कि उसका दल या उसके समर्थन वाला समूह सरकार बनाने जा रहा है। ऐसे में यह भी देखना जरूरी है कि केंद्रीय चुनाव आयोग जिसकी कार्यशैली पर कई सवाल उठे, वह इस चुनाव को कितनी पारदर्शिता से संपूर्ण करेगा? देश का आम चुनाव हमेशा से ही एक पर्व की तरह मनाया जाता है। इसमें हर राजनैतिक दल अपने अपने वोटरों के पास अगले पांच साल के लिए उनके मत की अपेक्षा में उन्हें बड़े-बड़े वादे देकर लुभाने की कोशिश करते हैं, परंतु देश की जनता भी यह जान चुकी है कि दल चाहे कोई भी हो, राजनैतिक वादे सभी दल ऐसे करते हैं कि मानो जनता उनके लिए पूजनीय है और ये नेता उनके लिए कुछ भी करने को तैयार हैं, परंतु क्या वास्तव में ऐसा होता है कि चुनावी वादे पूरे किए जाते हैं? चुनाव का आयोजन करने वाली सर्वोच्च सांविधानिक संस्था केंद्रीय चुनाव आयोग इन चुनावों को कितनी पारदर्शिता से कराती है इसकी बात बीते कई महीनों से सभी कर रहे हैं। चुनाव आयोग की प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि हर दल को पूरा मौका दिया जाए और निर्णय देश की जनता के हाथों में छोड़ दिया जाए। बीते कुछ महीनों में चुनाव आयोग पर पहले ईवीएम को लेकर और फिर वीवीपैट को लेकर काफी विवाद रहा। हर विपक्षी दल ने एक सुर में यह आवाज लगाई कि देश से ईवीएम को हटा कर बैलट पेपर पर ही चुनाव कराया जाए, परंतु देश की शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश देते हुए अधिक सावधानी बरतने को कहा और ईवीएम को जारी रखा। इन विवादों के बाद चुनाव् की मतगणना को लेकर फॉर्म 17सी पर एक नई बहस उठी जो देश की शीर्ष अदालत जा पहुंची। दरअसल, फॉर्म 17सी वह फॉर्म होता है जिसमें चुनाव संचालन नियम, 1961 के तहत देशभर के प्रत्येक मतदान केंद्र पर डाले गए वोटों का रिकार्ड होता है। फॉर्म 17सी में मतदान केंद्र के कोड नंबर और नाम, मतदाताओं की संख्या। उन मतदाताओं की संख्या जिन्होंने मतदान न करने का निर्णय लिया। उन मतदाताओं की संख्या जिन्हें मतदान करने की अनुमति नहीं मिली। दर्ज किए गए वोटों की संख्या। खारिज किए गए वोटों की संख्या। वोटों के खारिज करने के कारण। स्वीकार किए गए वोटों की संख्या। डाक मतपत्रों का डाटा भी शामिल होता है। इस जानकारी को मतदान अधिकारियों द्वारा भरा जाता है और प्रत्येक बूथ के पीठासीन अधिकारी द्वारा जांचा भी जाता है। मतगणना के दिन, गिनती से पहले, फॉर्म 17सी के दूसरे भाग में प्रत्येक बूथ से गिने गए कुल वोट व डाले गए कुल वोटों की समानता को जांचा जाता है। यह व्यवस्था किसी भी पार्टी द्वारा वोटों में हेरफेर से बचने के लिए बनाई गई है। यह डाटा मतगणना केंद्र के पर्यवेक्षक द्वारा दर्ज किया जाता है। प्रत्येक उम्मीदवार (या उनके प्रतिनिधि) को फॉर्म पर हस्ताक्षर करना होता है, जिसे रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जांचा जाता है। इसके बाद ही मतों की गिनती शुरू होती है। गौरतलब है कि मतदान डाटा का उपयोग चुनाव परिणाम को कानूनी रूप से चुनौती देने के लिए किया जा सकता है। एक ओर जहां चुनाव में ईवीएम से छेड़छाड़ पर सवाल उठाया गया है वहीं फॉर्म 17सी से मतदान में हुई गड़बड़ी (यदि हुई हो तो) का पता चल सकता है। जिस तरह पहले और दूसरे चरण के मतदान के आंकड़ों को जारी करने में देरी व बदलाव को लेकर चुनाव आयोग पर प्रश्न उठा तो विपक्ष ने फॉर्म 17सी को लेकर विवाद खड़ा कर दिया। देश की शीर्ष अदालत में चुनाव आयोग ने अपना पक्ष रखा और विपक्षी पार्टियों ने अपना पक्ष रखा, परंतु सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में कोई निर्णय नहीं दिया। बीते सप्ताह देश के नामी वकील और सांविधानिक विशेषज्ञ कपिल सिब्बल ने प्रेस सम्मेलन में सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से एक चेकलिस्ट जारी की। सिब्बल ने हर राजनैतिक दल और उनके मतदान/मतगणना एजेंटों के लिए आगामी 4 जून को आम चुनाव की गिनती से पहले जारी की गई इस चेकलिस्ट के माध्यम से यह समझाया है कि उन्हें कब क्या देखना है। सिब्बल के अनुसार 'बहुत से लोग कह रहे हैं कि इन मशीनों के साथ संभवत- छेड़छाड़ की गई है। इसलिए, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनके साथ कोई छेड़छाड़ न हो, इससे ज्यादा कुछ नहीं।' सिब्बल की इस चेकलिस्ट का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है।

# हिंदी पत्रकारिता दिवस और हिमाचली मीडिया

हिंदी के पहले समाचार पत्र उदन्त मार्तंड (1826) से हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत मानी जाती है जिसके संपादक पंडित जुगल किशोर थे। चूंकि साप्ताहिक समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड की शुरुआत 30 मई 1826 के दिन हुई थी, इसलिए 30 मई को प्रति वर्ष हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता हैज्आज भारतवर्ष में हिंदी पत्रकारिता दिवस की धूम है। ऐसे में हिंदी पत्रकारिता दिवस के बहाने हिमाचली मीडिया पर चर्चा करना बेमानी न होगा। हिमाचल प्रदेश एक पर्वतीय प्रदेश है। यहां की आबादी दूरदराज के गांवों से लेकर ऊंचे पहाड़ों में कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करती है। जब प्रदेश में सडकों का विस्तार नहीं हुआ था और वर्तमान की तरह इंटरनेट आधारित संचार सुविधाएं उपलब्ध नहीं थीं तो आप सहज कल्पना कर सकते हैं कि किस प्रकार से यहां के लोगों की बौद्धिक एवं साहित्यिक अभिरुचियों का परिमार्जन हुआ होगा? कैसे उन्हें समाचारपत्र, पत्रिकाएं, पुस्तकें और साहित्य की सामग्री मिलती रही होगी और कैसे हिमाचल प्रदेश का हिंदी मीडिया अपने उद्भव, उत्थान से आगे बढकर पर्वतीय प्रदेश की पत्रकारिता और साहित्यिक सरोकारों के बरक्स खरा उतरा होगा? शायद इसलिए कहा भी जाता है कि पर्वतीय प्रदेश में पत्र-पत्रिका का प्रकाशन पत्थर से पानी निकालने के समतुल्य है। हिमाचल प्रदेश यूं तो पर्वतीय राज्य है और पहाड़ी यहां की मुख्य बोली है, तथापि कई जिलों और उपमंडलों की अपनी-अपनी बोलियां भी हैं जो पूरे प्रदेश में भिन्नता लिए हुए हैं। सरकारी कामकाज की प्रथम भाषा के रूप में हिंदी को मान्यता प्राप्त है और बीते तीन-चार दशकों से पठन-पाठन, घरों-स्कूलों में सामान्य बोलचाल की भाषा के रूप में हिंदी ने अपने जड़ें मजबूत की हैं। ऐसे दौर में स्वाभाविक है कि हिमाचल प्रदेश में हिंदी मीडिया की भूमिका भी बढ़ी है। हिमाचल प्रदेश में पत्रकारिता अथवा हिंदी मीडिया का उदय, उद्भव उन्नीसवीं सदी के पांचवें दशक में शिमला से 'मॉर्निंग मॉनिटर' के प्रकाशन से हुआ था। सन 1848 में शिमला से द शिमला इंटेलिजेंसर, शिमला एडवरटाइजर, शिमला गार्जियन, द शिमला वीकली, टाइम्स लिटिल वीकली आदि का प्रकाशन होता था और इनके संपादक भी अंग्रेज ही होते थे। इसी वर्ष पहले भाषाई समाचार पत्र 'शिमला अखबार' का प्रकाशन शेख अब्दुल्ला द्वारा किया गया था और हिमाचल में भाषाई पत्रकारिता का श्रीगणेश इसी से माना जाता है। तब से लेकर वर्तमान समय तक हिमाचल प्रदेश में पत्रकारिता में अनेक उतार-चढ़ाव आए हैं। यह खुशी की बात है कि वर्तमान समय में भी क्षेत्रीय, प्रादेशिक और हिमाचली संस्करणों सहित राष्ट्रीय समाचार पत्रों का प्रकाशन हिमाचल की पुण्य धरा से हो रहा है। समाचार पत्र और पत्रिकाएं मानव समाज की दिशा निर्देशिका मानी जाती हैं। समाज के भीतर घटित घटनाओं से लेकर परिवेश की समझ उत्पन्न करने का कार्य पत्रकारिता का प्रथम कर्तव्य एवं महत्वपूर्ण दायित्व है। पाठकों में राजनीतिक, सामाजिक चिंतन की समझ पैदा करने के साथ विचार की सामर्थ्य उत्पन्न करने में इनकी प्रमुख भूमिका शुरू से ही रहती आई है। यह खुशी की बात है कि हिमाचली पत्रकारिता और साहित्य लेखन ने अपने इस दायित्व का बखूबी निर्वहन किया है। इसी प्रकार से हिंदी साहित्य और पत्रकारिता का आपस में अन्योन्याश्रित संबंध है। हिमाचल प्रदेश में बीते 5 दशकों से साक्षरता बढने और लोगों की साहित्यिक अभिरुचियों के परिष्कृत होने तथा वर्तमान में इंटरनेट के बढ़ते उपयोग से सोशल मीडिया के दौर में लोगों के रचनात्मक क्रियाकलापों में भी व्यापक परिवर्तन आया है, तथापि संतोष की बात है कि अभी भी समाचारपत्रों ने पाठकों के एक बड़े वर्ग को अपने साथ जोड़े रखा हुआ है। जहां तक हिमाचल के दैनिक समाचार पत्रों में साहित्यिक पत्रकारिता का सवाल है तो मोबाइल एवं इंटरनेट के जमाने में जब लोगों का रुझान पारंपरिक रूप से पुस्तकें पढने की ओर से घटा है, तो समाचार पत्रों ने इस गैप को भरने का कार्य बखूबी किया है। आज के दौर में अखबारों ने समाचारों के अलावा खोजी पत्रकारिता, कविता, कहानी, गजल, गीत, निबंध, लघु कथाएं, एकांकी, संस्मरण, यात्रा वृतांत, शब्द चित्र, सामान्य ज्ञान, पाठकों के पत्र, रिपोर्ताज, पुस्तक समीक्षाएं, आलोचना, बच्चों का कोना, उपन्यास और आलेखों को समावेशित करके गागर में सागर भरने जैसा कार्य किया है। इसके अतिरिक्त समाचार पत्र धार्मिक, मनोरंजन, प्रेरणास्पद और सामान्य ज्ञान के विशेष परिशिष्ट प्रकाशित कर अपने पाठकों को एक जगह समस्त मूल्यवान जानकारी एवं साहित्य उपलब्ध करवा रहें हैं। हिमाचल प्रदेश में हिंदी समाचार पत्रों ने लोगों को साहित्य पढने की ओर प्रवृत्त करने के लिए साप्ताहिक विशेषांक भी शुरू किए हैं। हिमाचली मीडिया में ऐसे बहुत से श्रेष्ठ संपादक हैं जिनकी साहित्यिक सोच, ज्ञान, योग्यता और अभिरुचि से उनके द्वारा संपादित दैनिक समाचार पत्रों की भाषा, वस्तु विषय, कलेवर, साहित्यिक सामग्री से उस पत्र की ख्याति बढ़ी है और पाठकों का एक बड़ा वर्ग उनकी ओर आकर्षित हुआ है। अनेक समाचार पत्रों द्वारा हिमाचली मुद्दों पर लेखन के लिए प्रादेशिक लेखकों को प्रोत्साहित करने से पिछले दो दशकों में कई हिमाचली लेखक अपनी शानदार लेखनी एवं आलेखों के बलबूते पत्रकारिता के आसमान में उज्ज्वल नक्षत्र बनकर चमक बिखेर रहे हैं। आवश्यकता है कि मीडिया हाउस ऐसे स्तंभकारों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफ्जाई भी करें। यह सत्य है कि भारतीय पत्रकारिता की उद्भव भूमि कोलकाता रही है, लेकिन हिंदी मीडिया को उसके शिखर तक ले जाने और संवर्धन का श्रेय काशी/इलाहाबाद को जाता है। काशी (वाराणसी) और प्रयागराज को साहित्यकारों/पत्रकारों की उद्गम स्थली भी कहा जाता है। हिंदी के पहले समाचार पत्र उदन्त मार्तंड (1826) से हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत मानी जाती है जिसके संपादक पंडित जुगल किशोर थे। चूंकि साप्ताहिक समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड की शुरुआत 30 मई 1826 के दिन हुई थी, इसलिए 30 मई को प्रतिवर्ष हिंदी पत्रकारिता दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज हिंदी पत्रकारिता दिवस के पावन अवसर पर दिव्य हिमाचल परिवार के सभी प्रबुद्ध पाठकों, लेखकों, पत्रकारों और साहित्यकारों को बहुत-बहुत हार्दिक बधाइयां एवं शुभकामनाएं।

# चीन का आक्रमण और कांग्रेस नेता अय्यर

कुलदीप चंद अग्निहोत्री



चीन को क्लीन चिट देने की इस रणनीति को जब क्रियान्वित कर दिया गया, तो इसके दुष्प्रभाव सामने आए और कांग्रेस ने रणनीति बदल दी भारत पर चीन ने 1962 में हमला किया था और लद्दाख व अरुणाचल प्रदेश में भारत की बहुत सी जमीन पर कब्जा कर लिया था। देश की रक्षा करते हुए भारतीय सैनिकों ने अपना बलिदान दिया। यह ठीक है कि सरदार पटेल ने बहुत पहले ही प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को बाकायदा एक चिट्ठी लिखकर आगाह किया था कि चीन भारत पर हमला कर सकता है। तिब्बत के उस समय के शासक दलाई लामा भी जब महात्मा बुद्ध की पच्चीस सौंवी जयंती के अवसर पर भारत आए थे, तो चीन को लेकर परोक्ष रूप से सावधान कर गए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उस समय के सरसंघचालक माधवराव सदाशिव गोलवलकर ने भी चीन की नीयत पर शंका जाहिर की थी, लेकिन नेहरु, जो स्वयं को उन दिनों अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ मानते थे, इन सब चेतावनियों को नकारते हुए 'हिंदी-चीनी भाई-भाई' का नारा लगाते रहे और चीन के नेताओं को बुलाकर स्कूलों के बच्चों के हाथ में चीन का झंडा थमा कर उनका स्वागत करते रहे। इस सबका परिणाम यह हुआ कि चीन ने 1962 में भारत पर हमला कर दिया और भारत को शिकस्त दी। सरकार ने बहुत ही होशियारी से शिकस्त की जिम्मेदारी भारतीय सेना के गले में बांधनी चाही तो जनता ने इसका विरोध किया। लोगों का कहना था कि भारत की सेना के शौर्य का प्रदर्शन तो द्वितीय विश्व युद्ध में दुनिया ने देखा था। यह सरकार की नीतियों की पराजय थी। उस समय भी चीन के इस हमले को लेकर भारत में विवाद शुरू हो गया था। उधर सीमा पर भारतीय सेना और चीनी सेना युद्धरत थी, इधर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफइंडिया में तो बाकायदा युद्ध ही छिड़ा हुआ था। कम्युनिस्ट पार्टी में यह युद्ध इस बात को लेकर हो रहा था कि हमला किसने किया? एक ग्रुप का कहना था कि चीन ने भारत पर हमला किया, लेकिन दूसरे ग्रुप का कहना था कि हमला भारत ने चीन पर किया। 'भारत ने चीन पर हमला किया' कहने वालों में ज्योति बसु (जो बाद में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री बने), नम्बूदरीपाद (जो बाद में केरल के मुख्यमंत्री बने) और पंजाब के हरकिशन सिंह सुरजीत (जो बाद में भारत पर अपनी पार्टी की सहायता से कांग्रेस की सरकार स्थापित करने में सारथी हुए) शामिल थे। इस ग्रुप ने सीपीएम के नाम से अपनी अलग पार्टी बना ली थी। उधर चीन के हाथों मिली पराजय के बाद भी नेहरु ने चीन की तरफ्दारी करनी नहीं छोड़ी। संयुक्त राष्ट्र संघ में चीन की शमूलियत और उसे वीटो पावर दिए जाने की वे अंत तक वकालत करते रहे। उन दिनों विश्व की जिस प्रकार की दो ध्रुवीय राजनीति चल रही थी, उसमें भारत को प्रस्ताव दिया गया था कि यदि वह चीन की पूंछ छोड़ दे, तो उसे सुरक्षा परिषद में स्थान दिया जा सकता है। लेकिन कांग्रेस की चीन के साथ उस समय भी क्या सांझेदारी थी, इसे आज तक कोई नहीं समझ सका। इसे काल की न्यारी गति ही कहना चाहिए कि कम्युनिस्ट पार्टी के जिस ग्रुप ने 'भारत ने चीन पर हमला किया है' कह कर सीपीएम गठित की थी, कालान्तर में उसके ही एक ग्रुप ने कहना शुरू किया 'चीन का चेयरमैन ही हमारा चेयरमैन' है। वे देश भर में यह नारा लगाते हुए घूमने लगे और उन्होंने सीपीएम (एमएस) के नाम से अपनी नई पार्टी बना ली। उधर कांग्रेस ने चीन के कब्जे में चली गई जमीन को छुड़ाने की रणनीति बनाने के स्थान पर फिर से दिल्ली में पंचशील को लेकर बाकायदा सेमिनार करने शुरू कर दिए। उस समय के बड़े कांग्रेस नेता और केन्द्रीय मंत्री नटवर सिंह, जिन्हें इस बात का बहुत अभिमान था कि वे चीनी भाषा चीनियों से भी बेहतर जानते हैं, पंचशील को जिंदा करने के लिए बीजिंग के चक्कर लगाने लगे। खैर भारत के लोग सब जानते हैं और यह भी जानते हैं कि चीन के सत्ताधारी किस प्रकार के हैं। उन्होंने 'चीन का चेयरमैन हमारा चेयरमैन' कहने वालों को भी हाशिए पर डाल दिया। 2014 में कांग्रेस को भी हाशिए पर धकेलने की प्रक्रिया शुरू हुई। 2024 तक आते-आते कांग्रेस का पतन तीव्र से तीव्र दिखाई देने लगा। लेकिन अब अंतिम समय में कांग्रेस ने एक बार फिर चीन का मामला उठाना शुरू किया है। सब जानते हैं कि भारत के विरोध में इस समय चीन और पाकिस्तान घी-शक्कर हैं। लेकिन जब भी कहीं भारत-पाकिस्तान या फिर भारत-चीन की भिड़ंत होती है तो कांग्रेस एकदम अपने बनावटी खोल से निकल कर अपने असली रंग में दिखाई देने लगती है। आतंकवादियों के अड्डों को खत्म करने के लिए जब भारतीय सेना ने बालाकोट पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो कांग्रेस ने एकदम से उसे गप्प करार दिया। उसने कहा, ऐसा हुआ ही नहीं, सेना सबूत दिखा दे। सेना की मुसीबत यह है कि उसे दुश्मन पर हमला कर भारत को सुरक्षित भी रखना होता है और उसके लिए कांग्रेस को सबूत भी दिखाना होता है। अब पाकिस्तान के नेता बाकायदा लिख कर प्रचार कर रहे हैं कि दिल्ली में राहुल गांधी की सरकार बननी चाहिए। क्या भारत में भी पाकिस्तान का कोई वोट बैंक है, जिसे पाकिस्तान संकेत दे रहा है? यही मामला चीन के मामले में हुआ। जब भारतीय सेना डोकलाम और गलवान में चीन की सेना से गुत्थमगुत्था हो रही थी, तब कांग्रेस के नेता और सोनिया गांधी के सुपुत्र राहुल गांधी दिल्ली स्थित चीनी दूतावास में चीनी अधिकारियों से छिप कर गुफ्तगू कर रहे थे। मीडिया की गिद्ध दृष्टि से पकड़े गए। पहले तो उन्होंने स्पष्ट इंकार ही कर दिया, लेकिन सबूत मिलने पर बगलें झांकने लगे और इधर-उधर की बेसिर-पैर की सफाई देने लगे। लेकिन देश के लोगों का शक गहराने लगा। इसलिए कागज-पत्तल की भी जांच की गई तो पता चला मामला कहीं और भी गहरा है। सोनिया गांधी परिवार के एक ट्रस्ट राजीव गांधी फाऊंडेशन को चीन से पैसा भी मिलता रहा है। जैसे-जैसे चुनाव में कांग्रेस के लिए करो या मरो जैसी हालत बन रही है, वैसे-वैसे कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए अपने तरकश का अंतिम हथियार भी इस्तेमाल कर लेना चाहती है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने 1962 में भारत पर चीन द्वारा किए गए हमले को 'अलेज्ड अटैक' करार दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान के 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण महिलाओं ने सीखा घरेलू उत्पाद बनाना



**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान जगदलपुर द्वारा 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन ग्राम पंचायत आसना में किया गया, जिसका मूल्यांकन रविवार 02 जून 2024 को किया गया। इस शिविर में 21 ग्रामीण महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और अचार-पापड़ एवं मसाला पाउडर बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन आरसेटी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से स्टेट कंट्रोलर आरसेटी अरुण सोनी और आरसेटी निदेशक हेमंत सलाम का विशेष योगदान रहा। प्रशिक्षण के मूल्यांकन के लिए आए मूल्यांकनकर्ता श्रीमती अंजलि रजक एवं श्रीमती शालिनी गौतम के द्वारा कौशल और सीखने की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया गया। शिविर में श्रीमती मोनिका निषाद ने महिलाओं को प्रत्येक प्रक्रिया का गहन प्रशिक्षण दिया। आरसेटी जगदलपुर के फैकल्टी मेंबर एन. मधुसूदन, श्रीमती रूमा राय और कार्यालय स्टाफ दयाराम मौर्य एवं राहुल बघेल ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ये संस्थान विभिन्न प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिससे प्रतिभागियों को नए-नए रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। आरएसईटीआई का प्रयास है कि ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाए।

### नियमित दवाइयां मिलने से टी.बी. के मरीजों को मिल रही टी.बी. से निजात

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नई दिल्ली के सेंट्रल टी.बी. डिवीजन के द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाता है, जिसके अंतर्गत टी.बी. के मरीजों को उपचार हेतु दवाईयों की आपूर्ति की जाती है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों को एक से डेढ़ माह के लिए दवाईयों की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में की गई है। जिलों से मांग अनुसार दवाइयाँ राज्य ड्रग स्टोर से आपूर्ति की जा रही है। शीघ्र ही सेन्ट्रल टी.बी. डिवीजन से दवाईयों का नया स्टॉक भी प्राप्त हो जावेगा। सेन्ट्रल टी.बी. डिवीजन द्वारा राज्य व जिलों के अधिकारियों के मदद के लिए हेल्पडेस्क बनाया गया है, जिस पर जारी हेल्पलाईन नम्बर पर कॉल कर दवा से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता या पूछताछ प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त टी.बी. मरीज या आम नागरिकों को दवा या उपचार से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई जानकारी लेनी हो तो नि:शुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 पर सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते है।

# संसार की सभी आत्माओं में परमात्मा बनने की शक्ति है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज





**विदिशा ( विश्व परिवार )।** भारतीय संस्कृति एक मात्र ऐसी संस्कृति है, जो पाषाण में भगवान को प्रकट करती है, 卐पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव पाषाण से भगवान बनाने की एक यात्रा है जैन धर्म कहता है कि संसार की सभी आत्माओं में परमात्मा बनने की शक्ति है, जिसने उस शक्ति को पहचान लिया उसको आत्मबोध हो जाता है, और वह आत्मा परमात्मा बन जाती है। उपरोक्त उद्गार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने श्री धर्मनाथ दिगम्बर जैन मंदिर विदिशा के जिनविम्व पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव के प्रथम दिवस गर्भ कल्याणक पूर्व रुप के अवसर पर प्रकट किये। उन्होंने कहा कि हम अपने अंदर के बैभव को नहीं पहचानने के कारण भिखारी जैसा जीवन जी रहे है। उन्होंने एक कथानक सुनाते हुये हुये कहा कि 25 वर्ष पूर्व नगरसेठ का बेटा जो कि तीन साल का था मेले में खो गया, अचानक बह भीख मांगते मांगते नगर सेठ के द्वार पर पहुंचा उसने भीख मांगी सेठानी ने जब उस 28 वर्ष के नौ जबान को देखा उसके आंचल से दूध उमड़ आया वह अपने खोये हुये बेटे को पहचान गयी जो कि अब युवा हो चुका था उसने उस भिखारी को अंदर आने को कहा भिखारी पहले तो हिचकिचाया लेकिन जैसे ही उसे बोध हो गया कि बही उसकी मां है तो वह उससे लिपट गया, और उस नगर का सेठ पुत्र वन गया। मुनि श्री ने कहा कि सच्चाई यह है कि जब तक हम भूले और भटके हुये है तब तक भिखारी है जिस दिन हमें अपनी असलियत मालुम पड़ जाएगी उसी दिन से हमारी दिशा और दशा दौनों बदल जाएगी। मुनि श्री ने कहा कि अपने अंदर की आत्म शक्ति को पहचानो उस शक्ती का दोहन कर उसका सही नियोजन करो जिसका अपने मन पर नियंत्रण नहीं होता, वह कभी आत्म वोध नहीं कर सकता जो लोग अपने घर के जीने नहीं चड़ पाते है वह इच्छा शक्ति के साथ श्री सम्मेदशिखर जी की 27 कि. मी. की तीर्थ बंदना विना थकावट के पूर्ण कर लेते है, अभी अभी का ताजा उदाहरण है स्टेसन जैन मंदिर से बंटीनगर तक 4 कि. मी. पैदल आऐ थके क्या? यंहा तक कि पाठशाला के बच्चों से लेकर 80 साल की बूड़ी मां भी सिर पर कलश लेकर चल रही थी, यह सब क्या था? एक मात्र इच्छा शक्ति! आचार्य गुरुदेव कहते है पांवर नहीं विल पावर को बड़ाओ पावरफुल लोग लाचार हो जाते है, जबकि विल पांवर बाले लोग हिमालय की चड़ाई तक आसानी से चड़ जाते है। उन्होंने कहा कि शरीर बल से उंचा है आत्मबल जब जब भी आत्म बल कमजोर होता है, तो व्यक्ति डिपरेशन का शिकार हो जाते है। और जिनका आत्मबल मजबूत होता है, वह शेर की पर्याय में हो या हाथी की पर्याय में, भील की पर्याय हो या किसी चांडाल की पर्याय, उन्होंने अपने आत्मबल और इच्छाशक्ति को पहचाना और उनकी आत्मा परमात्मा बन गयी। इस अवसर पर मंच पर पाठशाला प्रेरक मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज एवं शंकासमाधान संचालक मुनि श्री संधान सागर जी महाराज तथा छुल्लक महाराज मंचासीन रहे। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया प्रात:कालीन बेला में श्री जी एव मुनिसंघ के साथ घट यात्रा गाजे बाजे के साथ श्री महावीर जिनालय किरीमौहल्ला से प्रारंभ हुई जिसमें पंचकल्याणक प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. अशोक भैया एवं अभय भैया ने सभी मांगलिक क्रियाऐं कराते हुये मणीधर परिवार द्वारा श्री धर्मनाथ दि. जैन मंदिर जिन विम्व पंचकल्याणक महामहोत्सव के मंडप का उद्घाटन नगर के प्रसिद्ध चिकित्सक स्व. डा. सतीश चंद्र जैन के पुत्र डा. संजय जैन ने किया वंही ध्वजारोहण अभय, आनंद एवं आर्किटेक्ट चंद्रशेखर जैन परिवार ने किया। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया प्रति दिन प्रवचन का समय 8-15 से तथा सांयकाल6 बजे से शंकासमाधान का कार्यक्रम निश्चित समय से चलेगा। **-अविनाश जैन**

# जैन धर्म के 14वें तीर्थंकर भगवान अनन्त नाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया

### 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव मंगलवार को एवं दूसरे तीर्थंकर भगवान अजितनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव गुरुवार को, जैन मंदिरों में हुए पूजा अर्चना के विशेष आयोजन



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** जैन धर्मावलंबियों द्वारा इस सप्ताह तीन तीर्थंकरों के कल्याणक महोत्सव मनायें जाने के क्रम में सोमवार को जैन धर्म के चौदहवें तीर्थंकर भगवान अनन्तनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाए गए। इस दौरान राजधानी सहित आसपास के जिनालयों में विशेष धार्मिक आयोजनों की धूम रही।

राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि जैन धर्म के 14 वें तीर्थंकर भगवान अनन्त नाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव के मौके पर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए।

भगवान अनन्त नाथ के प्रात: अभिषेक के बाद विश्व में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना करते हुए पूजा के दौरान जन्म कल्याणक श्लोक जनम जैठवदी तिथि द्वादशी। सकलमंगल लोकविषैं लसी।। हरि जजे गिरिराज समातजैं हम जजैं इत आतम काजतैं। बोलकर जयकारों के बीच जन्म कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। इसी प्रकार से तप कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए तप कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। महाआरती से समापन हुआ।

श्री जैन ने बताया कि मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर जीऊबाईजी में अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किए गए.इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, अरुण पाटनी, राजू अजमेरा, अरुण सेठी, धन कुमार लुहाडिया, विपिन अजमेरा, विकास अजमेरा, विधान सेठी सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए।

साथ ही आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, जनकपुरी स्थित श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में आचार्य शशांक सागर महाराज तथा श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नेमीसागर कालोनी में गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में विशेष आयोजन किए गए।

राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक बुधवार, 5 जून को सोलहवें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव के मौके तारों की कूंट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज सहित कई दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन किए गए।

श्री जैन ने बताया कि पर जैन मंदिरों में मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढाया जाएगा। इससे पूर्व श्रीजी के अभिषेक एवं विश्व में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की जाएगी।

श्री जैन के मुताबिक गुरुवार, 6 जून को भगवान अजितनाथ की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी तथा गर्भ कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य चढ़ाया जाएंगा। महाआरती से समापन होगा।

श्री जैन ने बताया कि आगरा रोड पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि, दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ जी की खोह, सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर, तारों की कूंट पर सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, श्री दिगम्बर जैन मंदिर जीऊबाईजी सहित शहर के 225 से अधिक जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन किए जाएंगे।

# सुख-दुख धूप और छांव की तरह है : निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज



**दमोह ( विश्व परिवार )।** मनुष्य के जीवन में सुख और दुख धूप और छांव की तरह होते कोई संसार में सर्वथा दुखी नहीं होता और ना ही सुखी होता है यह संसार एक जुआरी के समान है वह जिंदगी भर सुखी नहीं रह सकता अमीर नहीं रह सकता एक न एक दिन फकीर जरूर होता है इसी तरह व्यक्ति के जीवन में एक न एक दिन अशुभ कर्म का उदय आता है लाख उपाय करने के बाद भी उसे रोका नहीं जा सकता हम गलत नहीं करना चाहते किंतु हो जाता है हम गलत नहीं बोलना चाहते बोल देते हैं कोई व्यक्ति पूर्णता निर्दोष नहीं रह सकता।

संसार काजल की कोठीरी है कालीमा तो लगेगी ही। संसार की कालीमा को हटाना कोयला की कालीमा को हटाने जैसा ही ह कोयला को जितना भी धोदोगे वह उतना ही गंदा होता जाता है इसी तरह संसार को जितना साफ करो वह उतना ही गंदा होता जाता है एक धर्मात्मा बनाने में अनेक अधर्मी पैदा हो जाते संसार में अच्छे पेड़ कम है बुरे पेड़ ज्यादा है संसार में रहने वाले अच्छे व्यक्ति बनाना कठिन है बुरे व्यक्ति बनाए नहीं जाते अपने आप बन जाते हैं हम स्वयं को अच्छा बनाने की कोशिश करते हैं किंतु बन नहीं पाते यहीं से भक्ति वाद जन्म लेता है साधना मार्ग से सीधे मोक्ष चले जाते वस्त्र पहनने की जरूरत नहीं होती दिगंबर जन्म लेते और सीधे ही दिगंबर ही मोक्ष चले जाते कुंदकुंद भगवान ने 11 साल में दीक्षा ली जबकि जिनसेन आचार्य ने 9 साल में दीक्षा ली उन्होंने जन्म से ही कपड़े नहीं पहने बच्चा जन्म से कपड़ा नहीं पहनता उसे हम जबरदस्ती पहनाते हैं जहां कपड़ा है वह गंदा होगा उसे साफ करने के लिए साबुन की जरूरत होगी मन गंदा होने पर उसे पूजा पाठ अभिषेक आदि भक्ति की क्रिया करके साफ करने का प्रयास किया जाता है जहां परिग्रह हुआ वहां पाप प्रारंभ हो जाता है उसके प्रक्षालन के लिए भक्तिवाद जरूरी है गृहस्थ 24 घंटे में मन वचन काय से गंदा होता है साधु गंदा नहीं होता साधु स्नान करें तो गलत और यदि गृहस्थ स्नान न करे तो गलत साधु के लिए साधना है और गृहस्थ के लिए उपासना है साधु जितनी साधना करेगा उसके लिए मांगलिक है और गृहस्थ जितनी उपासना करेगा उसके लिए मांगलिक है गृहस्थ का शुभ देव शास्त्र गुरु से ही होगा और साधु जितना अपने रत्नत्रय को पवित्र करेगा उतना ही उसका मांगलिक होगा।

उपरोक्त विचार निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज ने दिगंबर जैन धर्मशाला में चल रही अपनी प्रात: कालीन भक्तांबर की क्लास में अभिव्यक्त किय इस मौके पर पद प्रक्षालन का सौभाग्य संतोष सिद्धार्थ सौरव सेठ परिवार को तथा शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य ताराचंद सचिन संदीप परिवार को प्राप्त हुआ शिविर आयोजन समिति के द्वारा तहसीलदार मोहित जैन आर आई अभिषेक जैन एवं अन्य सहयोगियों का सम्मान किया गया। सुनील जैन वेजीटेरियन से प्राप्त जानकारी। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

# लोकसभा निर्वाचन 2024 : लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए 4 काउंटिग आब्जर्वर पहुंचे रायपुर

### सर्किट हाउस में कर सकेंगे मुलाकात

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत रायपुर लोकसभा निर्वाचन क्रमांक 8 के मतगणना के लिए 4 काउंटिंग आब्जर्वर रायपुर पहुंचे गए है। लोकसभा निर्वाचन (विधानसभा क्रमांक 50-रायपुर सिटी उत्तर, 51-रायपुर सिटी दक्षिण, 52 आरंग) के लिए आईएएस 2009 के श्री रोहनचंद ठाकुर को काउंटिग आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। वे रायपुर पहुंच गए है। सिविल लाइंस स्थित न्यू सर्किट हाउस में 304 नंबर के कमरे में उपलब्ध रहेंगे। श्री रोहनचंद ठाकुर से मोबाइल नंबर +91-7647046306 पर संपर्क किया जा सकता है। व्यक्तिगत तौर पर श्री ठाकुर से प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

लोकसभा निर्वाचन (विधानसभा क्रमांक 48-रायपुर ग्रामीण, 49 रायपुर सिटी पश्चिम) के लिए एससीएस- 1996 श्री दीप्तेंदु बेरा को काउंटिग आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। वे रायपुर पहुंच गए है। श्री बेरा सिविल लाइंस स्थित न्यू सर्किट हाउस में 305 नंबर कमरे में उपलब्ध रहेंगे। सामान्य प्रेक्षक से मोबाइल नंबर +91-90626-79019 में संपर्क किया जा सकता है। व्यक्तिगत तौर पर श्री बेरा से प्रतिदिन सुबह 7 से 10 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

लोकसभा निर्वाचन (विधानसभा क्रमांक 47-धरसींवा, 53 अभनपुर) के लिए एससीएस-2008 श्री भानुप्रताप यादव को काउंटिग आब्जर्वर नियुक्त किया गया है। वे रायपुर पहुंच गए है। श्री यादव सिविल लाइंस स्थित न्यू सर्किट हाउस के 306 नंबर कमरे में उपलब्ध रहेंगे। श्री यादव से मोबाइल नंबर +91-9005860763 में संपर्क किया जा सकता है। व्यक्तिगत तौर पर श्री यादव से प्रतिदिन सुबह संपर्क किया जा सकता है। लोकसभा निर्वाचन (विधानसभा क्रमांक 45-बलौदाबाजार, 46 भाठापारा) के लिए आईएएस 2008 के श्री संजय कुमार को काउंटिग आब्जर्वर नियुक्त किया गए है। वे रायपुर पहुंच गए है। वे बलौदाबाजार के सर्किट हाउस में उपलब्ध रहेंगे। श्री कुमार से प्रतिदिन सुबह संपर्क किया जा सकता है।

# संकल्प जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में प्रवेश हेतु चयन सूची जारी

### 120 छात्र-छात्राओं को मिलेगा प्रवेश




**जशपुरनगर ( विश्व परिवार )।** जिला कलेक्टर डॉ- रवि मित्तल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जिला खनिज न्यास निधि मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 120 सीटों में प्रवेश हेतु काउन्सिलिंग 20 से 23 मई तक संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आयोजित की गई थी। 120 सीट के लिए 379 परीक्षार्थियों की काउन्सिलिंग उपरांत चयन सूची जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 14 जून 2024 तक प्रवेश लेने का समय दिया गया है।

इस बारे में जानकारी देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में हिन्दी माध्यम की कुल 120 सीटों में प्रवेश हेत काउन्सिलिंग उपरांत चयन समिति की अनुशंसा से चयन सूची आज जारी कर दी गई है। इस परीक्षा में कुल 2252 परीक्षार्थी बैठे थे। कुल 197 छात्राओं एवं 182 छात्रों को काउन्सिलिंग हेतु बुलाया गया था। प्रवेश के लिए चयनित अभ्यर्थियों को सूचना दी जायेगी। नवीन शैक्षिक सत्र में संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं जिसमें 03 बालक एवं 02 बालिका पहाड़ी कोरवा के एवं संकल्प शिक्षण संस्थान कुनकुरी में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं संकल्प शिक्षण संस्थान पत्थलगांव में कक्षा 9 वीं में 20 छात्र एवं 20 छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा। संकल्प शिक्षण संस्थान में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को आईआईटी, नीट परीक्षा की तैयारी करायी जाती है। प्रवेशित सभी छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क आवास, भोजन, गणवेश एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदाय की जाती है।

पात्र अभ्यर्थियों को उनके प्रावीण्य क्रम के आधार पर एक सीट के विरूद्ध तीन अभ्यर्थियों को कांउसलिंग के लिए बुलाया गया था।

### यह छात्र, छात्राएं हुए चयनित

प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की सूची संकल्प जशपुर, कुनकुरी एवं पत्थलगांव के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है। काउन्सिलिंग उपरांत प्राप्तांक की प्रावीण्य सूची तैयार कर एवं जिले के लिए नियमानुसार आरक्षण रोस्टर के आधार पर चयन सूची तैयार की गई है। चयन की जानकारी जशपुर जिले के वेबसाईट https://jashpur.nic.in में देखी जा सकती है।

# धार्मिक शिविर ही भविष्य के संस्कारों की पहली सोपान : सृष्टिभूषण माताजी

### जैन पंचायत ने आर्यिका श्री के सानिध्य में शिविर में सफल प्रतिभागियों को किया सम्मानित




**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** गुरू उपकार महामहोत्सव के अन्तर्गत श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महामुनिराज के आशीर्वाद एवं निर्यापक मुनिपुंगव सुधासागर महाराज की प्रेरणा एवं जिनधर्म प्रभाविका आर्यिका सृष्टिभूषण माता जी ससंघ के सानिध्य में नगर चल रहे शिक्षण शिविर का आज समापन हुआ।जिसमें दिगम्बर जैन पंचायत समिति द्वारा प्रतिभावान मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। आर्यिका सृष्टिभूषण माता जी ने धार्मिक शिविर को भविष्य के संस्कारों की पहली सोपान बताते हुए कहा इसके माध्यम से बच्चे धर्म से जुडकर बुराई कुरीतियों से बचते है। आर्यिका श्री ने ऐसे शिविरों के समय-समय पर आयोजन और श्रमण संस्कृति संस्थान द्वारा किए जा रहे भागीरथी प्रयास को सराहा और गुरूदेव की प्रेरणा को अद्वितीय बताया। आर्यिका विश्वयश मति माता जी एवं आर्यिका विजिस्सा श्री माता जी ने शिविरार्थियों को भविष्य के लिए बेहतर टिप्स दिए।

आज प्रात:काल नगर के दस जिनालयों में सम्मलित श्रमण संस्कृति संस्कार प्रशिक्षण शिविर का समापन आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर शिविर पुर्ण्यजक सोमचंद्र, संजीव जैन लकी परिवार के साथ श्रेष्ठीजनों ने किया। अभिनंदनोदय तीर्थ पाठशाला की बालिकाओं ने धार्मिक प्रस्तुति के माध्यम से मंगलाचरण कर गुरु बंदना की। कार्यक्रम की संयोजना करते शिविर संयोजक डा0 आलोक शास्त्री ने प्रगति आख्या देते हुए शिविर की उपलब्धियों से अवगत कराया। जैन पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अनिल जैन अंचल, गुणमाला जैन, सुषमा जैन अनीता जैन शिक्षिका नैना जैन मडावरा ने शिविर के अनुभव बताते हुए अपने विचार रखे।

ब्रहमचारिणी रूबी दीदी ने आर्यिका की प्रेरणा से समाजोत्थान की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराते हुए नमन किया। संस्कार शिविर में नगर के दस जिनालयों में आयोजित हुई बालवोध पूर्वाद्ध, उत्तरार्द्ध छहढाला, इष्टोपदेश, द्रव्य संग्रह, तत्वार्थसूत्र, श्रश्राचार, सर्वार्थ सिद्धि, जीवकाण्ड ग्रथ की धार्मिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया।जिसमें उत्तीर्ण शिविरार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का पुर्ण्याजन सुधा वीर व्यायामशाला के राजेन्द्र जैन थनवारा, संजीव जैन ममता स्पोर्ट स्वदेश गोयल, वैभव जैन द्वारा किया गया। जैन पंचायत के अध्यक्ष डा0 अक्षय टडैया महामंत्री आकाश जैन, सनत जैन खजुरिया, कैप्टन राजकुमार जैन, अक्षय अलया मीडिया प्रभारी, मनोज जैन बबीना, प्रफुल्ल जैन, पारस जैन मनया, अखिलेश गदयाना, शीलचंद अनौरा, अशोक दैलवारा अमित सर्राफ ने शिविर में आमंत्रित विद्वानों को पंचायत की ओर से सम्मानित किया। शिविर में पर्यावरण संरक्षण पर दो सौ बच्चें ने चित्रों पर पर्यावरण संबंधी चित्र बनाए और विजेताओं को पुरस्कृत किया और बच्चों को कम से कम एक पेड लगाने के लिए प्रेरित किया। शिविर की व्यवस्थाओं को संचालित करने में मुकेश शास्त्री, डा0 राजेश शास्त्री, डा0 सचिन जैन, विकास जैन, संजय भेलसी, राजेश भगवा शिक्षक पुष्पेन्द्र जैन, ब्रहमचारी सविता दीदी, मीना दीदी, वीणा जैन अनीता मोदी का योगदान प्रसंशनीय रहा।

इन्हें किया गया पुरस्कृत- श्री अभिनंदनोदय तीर्थक्षेत्र में आयोजित हुई परीक्षा में बालबोध भाग -एक में प्रथम गरिमा जैन, द्वितीय अभिनंदन जैन, तृतीय प्रियांशी जैन, बालबोध भाग दो में प्रथम स्थान साधिका जैन, द्वितीय हर्ष जैन, तृतीय सयाली मोदी, छहढाला में ऊषा जैन ने प्रथम, द्वितीय शिक्षिका नैना जैन मडावरा, तृतीय प्रियंका पारस जैन, रत्नकरण्डक श्रावकाचार में प्रथम अमृत जैन, द्वितीय अनामिका लोहिया, तृतीय सुमन जैन, जीवकांड की कक्षा में प्रथम ब्रह्मचारिणी सविता दीदी, द्वितीय मुन्नी जैन एवं तृतीय स्थान मीना जैन ने प्राप्त किया।

अटा जैन मंदिर में बालबोध भाग एक में प्रथम अवनी जैन, द्वितीय माही जैन, तृतीय धैर्यांशी जैन, बालबोध भाग दो में प्रथम रूबल जैन, द्वितीय अजित जैन, तृतीय मान्या जैन, छहढाला की कक्षा में प्रथम गरिमा नायक, द्वितीय ऋद्धु जैन, तृतीय ज्योतिर्मा सिंघई इष्टोदेश की कक्षा में प्रथम रजनी जैन, द्वितीय अंशिता जैन, तृतीय सपना जैन, रत्नकरण्ड श्रावकाचार की कक्षा में प्रथम शरद जैन, द्वितीय रुपाली जैन, तृतीय मेघा जैन, द्रव्य संग्रह में प्रथम विनीता जैन, द्वितीय रानी जैन, तृतीय रेखा जैन, तत्वार्थ सूत्र की कक्षा में प्रथम किरण जैन, द्वितीय मोनिका सराफ, तृतीय अनीता जैन, गोम्मटसार जीव कांड में प्रथम गुणमाला जैन, द्वितीय वैशाली जैन, तृतीय कुसुमबाई जैन ने प्राप्त किया।

**-राजेश पंचोलिय**

www.dainikvishwaparivar.com
vishwaparivarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### एसईसीएल कामगार हैण्डपंपों से पानी लाने मजबूर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एसईसीएल कोरबा पूर्व स्थित सुभाष ब्लाक कालोनी के आवासों में नल लगा हुआ है लेकिन इन नलों से काफी कम पानी आ रहा है। तीन दिनों से कोयला कामगार आसपास में लगे हैण्डपंप से पानी भरकर ला रहे है। इस संबंध में भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन के शैलेंद्र सिंह ने प्रबंधन को अवगत करा दिया है। उनका कहना है कि गर्मी के इस मौसम में कोयला कामगारों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। नलों में पानी कम आने से कोयला कामगार हैण्डपंपों से पानी लाने के लिए मजबूर है। उनका कहना है कि कुद खराबी होने की वजह से यह सब हो रहा है। उन्होंने कहा है कि प्रबंधन को इस मामले में तत्काल ठोस निर्णय लेना होगा। भारी गर्मी में कुलर में पानी भरने के लिए दिक्कतें हो रही है। पानी कम मिलने से कोयला कामगारों में आक्रोश बड़ता जा रहा है। पहली बार इस तरह की समस्या हुई है।

### मतगणना के आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बिपिन के निर्देशन में अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के लिए स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय नारायणपुर में निर्मित स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का तैयारियों की निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना की पूरी तैयारियों का जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिये। अपर कलेक्टर पंचभाई ने संपूर्ण स्थल का सुरक्षा के मद्देनजर बारीकी से निरीक्षण करते हुए पार्किंग स्थल दो जगह बनाये जाने के निर्देश दिये। शारदा प्राथमिक विद्यालय में काउंटिंग एजेंटो के लिए पार्किंग और पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार महिला महाविद्यालय में निर्वाचन संबंधी अधिकारी कर्मचारियों के लिए पार्किंग स्थल बनाया गया है। मतगणना 14 टेबल में 19 राउंड में संपन्न किये जाने की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम परिसर में स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक कंट्रोल यूनिट को सुव्यवस्थित रूप से पहुंचाने के निर्देश दिये। उन्होंने निरीक्षण करते हुए मतगणना प्रेक्षक की बैठक व्यवस्था एवं काउंटिंग स्थल पर विद्युत, अग्निरोधक यंत्र, पेयजल, शौचालय की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बैरीकेटिंग, गाड़ियों की पार्किंग, पुलिस बल एवं निगरानी के लिए उचित व्यवस्था करने एवं मतगणना के दिवस के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मतगणना स्थल पर प्रवेश द्वार तथा मीडिया सेंटर में दो टीव्ही सेट, कम्प्यूटर नेट सहित सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग आफिसर अभयजीत सिंह मण्डावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सुमित गर्ग, संयुक्त कलेक्टर अभिषेक गुप्ता, सीएमएचओ डॉ. टीआर कुंवर, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता जेएल मानकर, एसडीओ चमन ठाकुर, जनपद सीईओ एलएन पटेल सहित अन्य निर्वाचन संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर मतगणना कराएं - कदम

**कोरिया(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतगणना कार्य हेतु आज मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईक्रो ऑब्जर्वर, वीवीपैट व मशीन सिलिंग पर्यवेक्षक, वीवीपैट मशीन सिलिंग सहायक, रनर को प्रशिक्षण दिया गया। आज जिला पंचायत कार्यालय के मंथन कक्ष में 18 मतगणना पर्यवेक्षक, 18 मतगणना सहायक, 18 माइक्रो ऑब्जर्वर, 2 वीवीपैट व मशीन 1 पेपर सिलिंग, 12 वीवीपैट व मशीन सिलिंग सहायक तथा 24 रनर को प्रशिक्षण दी गई। मतगणना पर्यवेक्षक गोपीचंद कदम ने इस अवसर पर कहा आप लोगों ने जो प्रशिक्षण प्राप्त किया है, उसके अनुरूप ही मतगणना कार्य को सम्पन्न कराएं। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर कार्य को सम्पन्न करें। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि 4 जून को मतगणना के अवसर पर पूरे जवाबदेही के साथ मतगणना कार्य को सम्पन्न करें। इस अवसर पर कर्मियों से सवाल-जवाब भी किए। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि आप लोगों ने बहुत ही कुशलता पूर्वक विगत वर्ष विधानसभा निर्वाचन में मतगणना कार्य को संपन्न कराने में योगदान दिया था, उसी तरह से 4 जून को होने वाले मतगणना में भी बहुत ही जिम्मेदारी के साथ कर्तव्य का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण में प्राप्त किए गए जानकारियां, सावधानियां और भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश पर कार्य करें। उन्होंने कर्मियों से कहा कि निष्पक्षता, पारदर्शिता और एकाग्रता से कार्य करें। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्देश भी दिए हैं प्रत्येक वर्गों से विनम्रता के साथ व्यवहार करें। मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराएं।

# प्रतिभाओं को निखारने व उभारने के लिए अवसर प्रदान करना जरूरी : कलेक्टर

## बस्तर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि बस्तर में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है केवल इन्हें निखारने और उभारने के लिए बेहतर अवसर प्रदान करना आवश्यक है। इसे ग्रीष्मकालीन अवकाश में आयोजित समर कैम्प में स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा को पूरी दक्षता के साथ श्रेष्ठतम प्रदर्शन के द्वारा साबित कर दिखाया है। जिसमें बच्चों ने गीत,नृत्य,अभिनय,हस्तकला,ज्वेलरी डिजाइन, क्लॉथ पेंटिंग, चित्रकला, नाटक सहित हल्बी एवं गोंडी बोली सीखने-समझने



का सुअवसर मिला और बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिला है। कलेक्टर विजय शुक्रवार को बस्तर एकेडमी ऑफ डांस आर्ट एंड लिटरेचर बादल अकादमी आसना में 30 दिवसीय समर कैंप के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए उक्त बात कही। कलेक्टर ने बादल संस्था में आयोजित समर कैंप में सभी के समन्वय से अधिकाधिक बच्चों की सहभागिता पर खुशी व्यक्त की और बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन के द्वारा सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास हेतु एक-दूसरे से सीखने का अवसर प्राप्त होने के साथ ही नवाचार को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने बच्चों की उत्कृष्ट रचनात्मक कार्यों को प्रेरक निरूपित करते हुए सभी बच्चों के साथ ही पालकों एवं प्रशिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने बादल संस्था के द्वारा बस्तर की सामाजिक-सांस्कृतिक रीति-नीति,बोली,लोकगीत-लोकनृत्य इत्यादि के संरक्षण-संवर्धन की दिशा में दिए जा रहे उल्लेखनीय योगदान को सराहनीय रेखांकित करते हुए संस्था के प्रति रुझान एवं भरोसा बढ़ाने के लिए हर्ष जताया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे के साथ बच्चों द्वारा प्रशिक्षण में तैयार पेंटिंग,हस्तकला,शिल्पकला इत्यादि का अवलोकन कर बच्चों के हुनर को सराहा। इस मौके पर युवराज मोरला के द्वारा गोंद से की गई आकर्षक पेंटिंग एवं हर्ष पाणिग्राही के एनिमेट ड्राइंग की तारीफ कर उक्त दोनों बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान समृद्धि ठाकुर, गौरव नेताम एवं नियति ठाकुर ने स्वयं से बनाए गए गुलदस्ता भेंट की। समर कैम्प के समापन समारोह के आरंभ में बच्चों ने गणेश वंदना सहित राष्ट्रगीत वन्देमातरम की सुरमयी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं बच्चों ने लोकगीत एवं लोकनृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दी,साथ ही गोंडी एवं हल्बी बोली में सम्बोधन,पहेली बूझने के अलावा हारमोनियम, ढोलक, क्लेप-बॉक्स इत्यादि वाद्य यंत्रों को पारंगत ढंग से बजाया।

## तापमान में बढ़ोतरी, हरियाली बिखरने जमीनी स्तर पर होगा काम

**कोरबा(विश्व परिवार)।** साल दर साल तापमान में हो रही बढ़ोतरी के कारण जनजीवन के सामने चुनौतियों का बढना जारी है। वैश्विक जगत को इसका सामना करना पड़ रहा है। इस वर्ष कोरबा जिले में गर्मी के पिछले सभी रिकॉर्ड टूटते नजर आ रहे हैं इसलिए अब अधिक संख्या में पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने को लेकर लोगों में जागरूकता का स्तर कुछ बढ़ता हुआ दिख रहा है। मानसून सीजन में किस प्रकार से अधिक पौधों का रोपण धरती पर हो सके, इसके लिए प्रयास किया जा रहे हैं। साथ ही अन्य लोगों को भी इस अभियान से जोडने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पिछले वर्षों में मानसून सत्र के दौरान पौधारोपण करने के लिए केवल सरकारी तंत्र ही सक्रिय नजर आया है । जबकि कुछ मामलों में सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों ने भी अपनी ओर से इस दिशा में कोशिश की है लेकिन धरातल पर जीवित वर्षों की संख्या बाद के दिनों में बहुत ज्यादा नहीं रह सकी और विकास की अंधी दौड़ में अधिकतम संख्या में वृक्षों की कटाई के कारण भी विपरीत स्थितियों निर्मित हुई है । यह सिलसिला लगातार चलने की बात भी कहीं जा रही है। इस प्रकार कि मनमानी प्रतिस्पर्धा के कारण हर कही परेशानियां है। इसके चलते गर्मी के मौसम में तापमान का स्तर 50 डिग्री के आसपास पहुंचता हुआ नजर आ रहा है। कोरबा समेत आसपास के क्षेत्र में इसी प्रकार की स्थिति है। हालात ने लोगों को न केवल डराया है बल्कि भविष्य को लेकर चेतावनी दी है । इसलिए सामाजिक सरोकार का प्रदर्शन करने की मानसिकता नागरिकों के संगठन ने बनाई है। योजना के अंतर्गत इस वर्ष कई लाख पौधों का रोपण कोरबा जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। पौधे जुटाने से लेकर उन्हें लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प इस अभियान के अंतर्गत होना है। संगठनों का कहना है कि जब तक सरकार के भरोसे रह जाएगा पर्यावरण की स्थिति इसी प्रकार की रहेगी और आने वाले समय में गंभीर परिणाम का सामना करने के लिए तैयार होना पड़ेगा । इसलिए हर व्यक्ति को इस प्रकार के अभियानों से न केवल जुडने की जरूरत है बल्कि उन्हें अपने आसपास के क्षेत्र की खाली जमीन में भी हरियाली बिखरने के बारे में जमीनी स्तर पर जरूरी कदम उठाने होंगे। पर्यावरण सबकी जरूरत है। इसकी रक्षा के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कोरबा जिले में इस वर्ष 25000 पौधों का रोपण करना सुनिश्चित किया है।

## तीन वाहन चालकों की मौत, चक्कर आने से अस्पताल में कराया भर्ती

### लू लगने की आशंका

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में तपती गर्मी के कारण जांजगीर-चांपा जिले में तीन वाहन चालकों की मौत हो गई। इसमें भिलाई के खुर्सीपार क्षेत्र का एक वाहन चालक भी शामिल है। तीनों वाहन चालकों की मौत अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुई है। सभी की मौत का कारण लू लगना बताया जा रहा है। सभी के शवों को पीएम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण पता चल पाएगा। मिली जानकारी के अनुसार खुर्सीपार भिलाई निवासी अमरीका सिंह (63) गाड़ी लेकर गया था। शुक्रवार की दोपहर 2 से 3 बजे चांपा थाना क्षेत्र के पीआईएल रोड के किनारे होटल में रुके हुए थे। यहां अमरीका सिंह की अचानक तबियत बिगड़ गई और उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। इसी प्रकार ट्रक का हेल्पर युवक धुरकी झारखड़ निवासी शंभू कोरवा (29) को भी अचानक उल्टी हो लगी। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इसके अलावा शिवारीनारायण थाना क्षेत्र में ट्रक चालक निवासी जमशेदपुर (झारखंड) जगपाल सिंह अपने साथियों के साथ पांच ट्रकों को लेकर जमशेदपुर से हैदराबाद जा रहे थे। तेज गर्मी के कारण सभी एक जगह पर रुके हुए थे। इस दौरान जगपाल सिंह की तबियत बिगड़ी और बेहोश होकर गिर पड़ा। जिसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। उक्त तीनों की मौत का कारण तेज गर्मी और लू को बताया जा रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चल पाएगा।

## मतगणना स्थल की तैयारी का जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया जायजा



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतगणना 4 जून हेतु मतगणना स्थल आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा की तैयारियों का निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. द्वारा किया गया। मतगणना स्थल में मतगणना कर्मियों, मतगणना अभिकर्ता, मीडिया के प्रवेश स्थलों के संबंध में चर्चा किया गया और गर्मी को देखते हुए पेयजल, कूलर की आवश्यक व्यवस्था पर चर्चा कर पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा सहित अन्य राजस्व अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## मृदा परीक्षण के लिए स्व-सहायता समूह की दीदियों को मिला प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिला एक जैविक जिला के रूप में विकसित है, क्योंकि यहां के कृषक अधिकतम जैविक कृषि करते हैं। जिससे साग-सब्जियों की अधिक पैदावार होती है और साग-सब्जियों में किसी प्रकार की कोई रासायनिक खाद नहीं डाली जाती है। इसके साथ ही यहां के कृषक अपने खेती में अपने द्वारा बनाए गए या शासन से प्राप्त उर्वरक खाद का निर्माण



करते हैं और अपने खेतों में इस्तेमाल भी अच्छे तरीके से करते हैं। इस कड़ी में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत विकासखंड गीदम में स्व-सहायता समूह की दीदीयों का मृदा परीक्षण प्रयोगशाला हारम विकासखंड गीदम के प्रशिक्षकों द्वारा 02 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें मिट्टी परीक्षण से संबंधित जानकारियां विभाग के द्वारा दी जा रही है और इस प्रशिक्षण में स्व-सहायता समूह की महिलाएं, कृषि मित्र बड़े ही उत्साह के साथ मिट्टी प्रशिक्षण प्रक्रिया को समझने का प्रयास कर रहे है।

# संवाद, सुझाव और समाधान से हम मिलकर पंडरिया को समृद्ध बनाएंगे : भावना बोहरा

### ग्राम रणवीरपुर में विधायक बोहरा ने किया जनसेवा ही भावना केंद्र का शुभारंभ

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने शुक्रवार को ग्राम रणवीरपुर में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र (विधायक कार्यालय) का उद्घाटन किया। विधानसभा चुनाव के दौरान अपने घोषणा पत्र भावना दीदी की गारंटीमें जनता से किए वादे को पूरा करते हुए, भावना बोहरा ने पूर्व में कुकदुर, पंडरिया, और पांडातराई में इस केंद्र की स्थापना की थी। इसी श्रृंखला में रणवीरपुर में भी इस केंद्र का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान भावना बोहरा ने कहा, संवाद,



सुझाव, और समाधान - इन तीन महत्वपूर्ण विषयों के साथ हम मिलकर पंडरिया विधानसभा को समृद्ध बनाएंगे। जनसेवा ही भावना केंद्र हमारे इस संकल्प की एक महत्वपूर्ण कड़ी होगी। इस केंद्र में सभी शासकीय योजनाओं के लाभ और उनके क्रियान्वयन के साथ ही क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं, जन आकांक्षाओं, और क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए आमजनों के सुझाव भी सुने जाएंगे। भावना बोहरा ने आगे बताया, इस केंद्र के माध्यम से क्षेत्रवासियों को उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण, शासकीय कार्यों से संबंधित समाधान, और सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी। यह केंद्र जनता और एक जनप्रतिनिधि के बीच आपसी सामंजस्य एवं संवाद का एक बेहतर माध्यम बनेगा। पहले अपनी समस्याओं के निराकरण व अन्य कार्यों के लिए क्षेत्र की जनता को तहसील व जिला में जाना पड़ता था, लेकिन अब इस केंद्र की स्थापना से उन्हें उनके गाँव और घर के समीप ही समाधान मिलेगा। उन्होंने कहा, हमने विधानसभा चुनाव में इस केंद्र की स्थापना करने का वादा किया था और मुझे हर्ष हो रहा है कि हमने चार प्रमुख क्षेत्रों में इस केंद्र की शुरुआत कर दी है।

## विश्व तंबाकू निषेध रैली को कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखा कर किया रवाना

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** धुम्रपान व नशापान से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति समाज में जन चेतना विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति 31 मई को अन्तर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध दिवस का आयोजन किया गया, जिससे जन सामान्य में धुम्रपान और तम्बाकू सेवन करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण हो सके। कलेक्टर बिपिन मांझी द्वारा रैली में शामिल लोगों को नशापान की रोकथाम के लिए शपथ दिलाई गई तत्पश्चात् अन्तर्राष्ट्रीय धुम्रपान निषेध रैली को कलेक्टर मांझी ने शासकीय बालक हाई स्कूल खेल मैदान से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली खेल मैदान से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, सोनपुर रोड व नगरपालिका परिषद से होते हुये वापस खेल मैदान में समापन किया गया। इस आयोजन के लिए कलेक्टर ने स्वास्थ्य और समाज कल्याण विभाग की सराहना की तथा सभी से हस्ताक्षर हेतु अपील की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक राजीव बघेल ने बताया कि जिले में तंबाकू नियंत्रण इकाई का गठन किया गया है, जिसके माध्यम से तंबाकू के दूष्प्रभावों से बचाव एवं जागरूकता के प्रयास किये जा रहे है।

व्यापार समाचार

## बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन, मूंगफली तेल-तिलहन में गिरावट अन्य की कीमतें मजबूत

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में मुर्गीदाने में इस्तेमाल किये जाने वाले डी-आयल्ड केक (डीओसी) का भाव कमजोर होने से सोयाबीन तिलहन तथा ऊंचे भाव पर कारोबार प्रभावित होने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। विदेशों में दाम मजबूत होने से सोयाबीन तेल, आवक कमजोर रहने से सरसों तेल-तिलहन, पामोलीन का दाम मजबूत होने के कारण सीपीओ और पामोलीन तेल तथा माल की कमी के बीच बिनौला तेल के दाम मजबूत बंद हुए। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि डीओसी के भाव कमजोर होने की वजह से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई। वैसे भी गर्मियों में डीओसी की मांग कम ही रहती है। दूसरी ओर कांडला बंदरगाह पर पिछले सप्ताह जिस सोयाबीन तेल का दाम 1,035-1,040 डॉलर प्रति टन था वह समीक्षाधीन सप्ताह में बढ़कर 1,070-1,075 डॉलर प्रति टन हो गया। तेल कीमतों में आई इस तेजी की वजह से सोयाबीन के सभी तेल के दाम मजबूत बंद हुए। उन्होंने कहा कि सोयाबीन की ही तरह पामोलीन के दाम में भी समीक्षाधीन सप्ताह में तेजी आई। इससे पहले पामोलीन का दाम 930-935 डॉलर टन था जो समीक्षाधीन सप्ताह में बढ़कर 935-940 डॉलर प्रति टन हो गया। इसकी वजह से सीपीओ और पामोलीन तेल के दाम भी मजबूती दर्शाते बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि वायदा कारोबार में बिनौला खल के जून अनुबंध का भाव 2,740 रुपये क्विंटल है जबकि बिनौला के बढ़िया खल का हाजिर भाव 3,450 रुपये क्विंटल है। इस बात का पता लगाया जाना चाहिये कि वायदा कारोबार में जिस खल का इतना कम दाम चलाया जा रहा है क्या वह नकली खल का दाम है? कपास बिजाई के ऐन मौके पर इस तरह खल के दाम तोड़ने का क्या मकसद है? क्या इसका उद्देश्य कपास किसानों को हतोत्साहित करना है? जो लोग इस तरह की काम में लगे हैं, उनका पता कर उनपर लगाम लगाने का प्रयास किया जाना चाहिये। सूत्रों ने कहा कि तेल मिलों को अप्रैल-मई में सामान्य वर्षों की तरह सरसों की आवक बढ़ने और दाम कमजोर पड़ने की उम्मीद थी। इस दौरान बड़ी तेल मिलें और कच्ची घानी की तेल मिलें बड़ी मात्रा में खरीद कर अपना स्टॉक जुटा लेती थीं। लेकिन इस बार उनकी यह उम्मीद पूरी नहीं हुई क्योंकि किसानों की ओर से मंडियों में सरसों की आवक अपेक्षा से कमजोर रही। मिल वालों के पास स्टॉक की कमी है। इस वजह से सरसों तेल-तिलहन कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। सूत्रों ने कहा कि मूंगफली का जो ऊंचा भाव है, इस दाम की वजह से यह तेल चलेगा नहीं। सरकार को इस ओर ध्यान देना होगा। ऊंचे दाम पर कारोबार ढीला रहने की वजह से मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में हानि दर्ज हुई। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 60 रुपये के सुधार के साथ 6,060-6,110 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का भाव 125 रुपये बढ़कर 11,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 20-20 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,900-2,000 रुपये और 1,900-2,015 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और लूज का भाव क्रमशः 10-10 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 4,840-4,860 रुपये प्रति क्विंटल और 4,640-4,760 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। इसके उलट, सोयाबीन दिल्ली, सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम तेल का भाव क्रमशः 125 रुपये, 75 रुपये और 110 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 10,400 रुपये और 10,200 रुपये और 8,860 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में ऊंचे भाव की वजह से कम कारोबार के बीच मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट रही। मूंगफली तिलहन का दाम 75 रुपये की गिरावट के साथ 6,125-6,400 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। मूंगफली गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल के भाव भी क्रमशः 200 रुपये और 25 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 14,650 रुपये क्विंटल और 2,220-2,520 रुपये प्रति टिन पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में कच्चा पाम तेल (सीपीओ) 100 रुपये की तेजी के साथ 8,800 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 10,000 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 125 रुपये की तेजी के साथ 9,025 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। माल की कमी के बीच तेजी के आम रुख के अनुरूप बिनौला 75 रुपये की तेजी के साथ 10,075 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## वॉर्म-अप मैच में पंत-हार्दिक का फॉर्म भारत के लिए अच्छे संकेत




**डैलस( एजेंसी )।** टी20 विश्व कप से पहले वॉर्म-अप मैच में हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत के अंदाज ने टीम इंडिया को बड़ा कॉन्फिडेंस दिया है। दोनों ही खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने पुराने अंदाज में परफॉर्म किया। इसके दम पर भारतीय टीम ने अपने इकलौते वॉर्मअप मैच में बांग्लादेश को 62 रन से हराया। भारत के लिए मैच के हीरो रहे हार्दिक पांड्या और ऋषभ पंत ने बांग्लादेशी गेंदबाजों की खूब धुनाई की। नसाउ इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत ने ऋषभ पंत (53 रन) और हार्दिक पांड्या (40 रन) के दम पर 183 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में बांग्लादेश 20 ओवर में 9 विकेट पर 120 रन ही बना सकी। बल्लेबाजी और गेंदबाजी, दोनों डिपार्टमेंट में भारत का प्रदर्शन टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले अच्छे संकेत हैं। इस मुकाबले में टीम इंडिया ने कई एक्सपेरिमेंट किए। कप्तान रोहित शर्मा के साथ संजू सैमसन ओपनिंग करते नजर आए। हालांकि, वह मात्र एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ऋषभ पंत तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए। सड़क हादसे के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार वापसी कर रहे ऋषभ पंत ने शानदार अर्धशतक जड़ा। रिटायर्ड आउट होने से पहले पंत ने 32 गेंदों में 4 चौके और इतने ही छक्के जड़े। वहीं, रोहित शर्मा अब भी बल्ले के साथ संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। हिटमैन ने 19 गेंदों में मात्र 23 रन बनाए। यहां हार्दिक पांड्या ने करीब 200 की स्ट्राइक रेट से 40 रन बनाए। उनका इस तरह बल्लेबाजी करना फैंस और टीम इंडिया के लिए एक अच्छी खबर है। हार्दिक ने लगातार तीन छक्के भी लगाए। सूर्या ने भी 31 रन की पारी खेली, इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 172 से ज्यादा था। गेंदबाजी में भारतीय कप्तान ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। उन्होंने पावरप्ले के अंदर चार गेंदबाजों से गेंदबाजी कराई, जो आमतौर पर नहीं देखा जाता। इस प्रयोग के दौरान शिवम दुबे ने तीन ओवर में मात्र 13 रन देकर दो विकेट लिए, जिससे एक ऑलराउंडर के रूप में उन्होंने अपनी छवि और मजबूत की। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में 2 जून से 29 जून तक खेला जा रहा है। टूर्नामेंट के मुकाबले नौ मैदानों पर हो रहे हैं।

## चैंपियंस लीग खिताब जीतने के बाद फ्लोरेंटिनो पेरेज़ ने कहा, हमें 16वीं ट्रॉफी भी चाहिए





**नई दिल्ली( एजेंसी )।** रियल मैड्रिड ने डॉर्टमुंड पर 2-0 की जीत के साथ टीम को रिकॉर्ड 15वीं यूईएफए चैंपियंस लीग ट्रॉफी दिलाई। रियल मैड्रिड अध्यक्ष फ्लोरेंटिनो पेरेज़ ने फ़ाइनल जीतने के बाद दावा किया कि क्लब पहले से ही अगले खिताब पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। फ्लोरेंटिनो पेरेज़ ने पत्रकारों से कहा, मुझे लगता है कि हम पहले से ही अगले खिताब पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम 16वां खिताब जीतना चाहते हैं। रियल मैड्रिड की 15वीं यूरोपीय उपलब्धि तक की यात्रा बेहद रोमांचक रही। मैड्रिड को फाइनल तक पहुंचने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जहां उसे आरबी लीपज़िग, गत विजेता मैनचेस्टर सिटी और एफसी बायर्न म्यूनिख को हराना था। रियल मैड्रिड के लिए पहला गोल डानी कार्वाहाल ने 74वें मिनट में किया। इसके बाद डॉर्टमुंड ने भी अटैक शुरू किया लेकिन इसका उन्हें लाभ नहीं मिला। मैच के 83वें मिनट में विनिसियस जूनियर ने रियल मैड्रिड की बढ़त डबल कर दी। इस तरह रियल मैड्रिड ने 15वीं बार यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। रियल मैड्रिड के अध्यक्ष ने कहा, विनी जूनियर को बैलन डीओर जीतना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं है। टोनी क्रूस के लॉस ब्लैंकोस के लिए अपना आखिरी मैच खेलने के बाद, सभी का ध्यान लुका मोड्रिक की ओर है। बताया जा रहा है कि क्रोएशियाई खिलाड़ी ने क्लब के साथ एक साल के विस्तार के लिए समझौता कर लिया है, जिसकी पुष्टि पेरेज़ ने की है।

## गौतम अदाणी ने नॉर्वे शतरंज में इतिहास रचने पर प्रग्नानंदा को दी बधाई



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारत के स्टार शतरंज खिलाड़ी आर. प्रग्नानंदा ने नॉर्वे शतरंज में इतिहास रच दिया है। देश में इस खुशी के मौके पर अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने भी प्रग्नानंदा के लिए एक खास पोस्ट शेयर किया है। गौतम अदाणी ने रविवार को 18 वर्षीय आर. प्रग्नानंदा की सराहना की और उन्हें 2024 नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्लासिकल शतरंज में विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और नंबर 2 फैबियानो कारुआना के खिलाफ जीत के लिए बधाई दी। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने नॉर्वे के स्टावेंजर में शतरंज प्रतियोगिता में राउंड-3 में पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराने के बाद राउंड-5 में कारुआना को हराया। भारतीय स्टार ग्रैंडमास्टर ने अब एक ही टूर्नामेंट में वर्ल्ड टॉप-2 को हराकर एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया है। गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, अविश्वसनीय प्रग्नानंदा! नॉर्वे शतरंज में क्लासिकल शतरंज में विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और नंबर 2 फैबियानो कारुआना को हराना अद्भुत है। आप शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और अभी सिर्फ 18 साल के हैं!..तिरंगा को ऊंचा फहराते रहिए.. ढेर सारी शुभकामनाएं। इस जीत के साथ प्रग्नानंदा ने अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाई, और 8.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट स्टैंडिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। नॉर्वे शतरंज के आधिकारिक हैंडल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रग्नानंदा इज बैक। युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रग्नानंदा ने राउंड 5 में वर्ल्ड नंबर-2 फैबियानो कारूआना को हराकर शतरंज की दुनिया को फिर से चौंका दिया!

## लोकसभा चुनाव के नतीजों, ब्याज दर पर आरबीआई के फैसले से तय होगी शेयर बाजार की चाल




**मुंबई( एजेंसी )।** शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह आम चुनावों के नतीजों तथा ब्याज दर को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के निर्णय से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। हालांकि, माना जा रहा है कि 'एग्जिट पोल' में भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बड़ी जीत मिलने की उम्मीद और सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के मजबूत आंकड़ों से सोमवार को शेयर बाजारों में तेजी देखने को मिल सकती है। एग्जिट पोल में शनिवार को भविष्यवाणी की गई है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता बरकरार रखेंगे। मतगणना चार जून को होगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च हेड संतोष मीणा ने कहा कि अब सभी की निगाहें सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम मंगलवार को आने वाले लोकसभा चुनाव के नतीजों पर हैं। इससे पहले, बाजार भागीदार 'एग्जिट पोल' पर प्रतिक्रिया देंगे। मीणा ने कहा, ''बाजार इसे सावधानी के साथ देख रहा है, और 'एग्जिट पोल' के बाद बाजार में उछाल आ सकता है। हालांकि, नतीजे इसके उलट आने पर बाजार में कुछ 'घबराहट' देखने को मिल सकती है।''

## डॉर्टमुंड को 2-0 से हराकर रियल मैड्रिड बना चैंपियन

**लंदन( एजेंसी )।** स्पैनिश क्लब रियल मैड्रिड ने 15वीं बार यूरोपियन फुटबॉल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट यूईएफए चैंपियंस लीग खिताब जीता। रियल मैड्रिड ने डॉर्टमुंड को 2-0 से एकतरफा अंदाज में हराते हुए यह ऐतिहासिक जीत दर्ज की। शनिवार देर रात लंदन के वेम्बली स्टेडियम में रियल मैड्रिड ने टीम जर्मन क्लब बोरुसिया डॉर्टमुंड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। हालांकि, मैच की शुरुआत दोनों टीमों के बीच धीमी रही और किसी भी टीम ने ज्यादा रिस्क नहीं लिया। यही कारण था कि पहला क्वार्टर खत्म होने के बावजूद स्कोर 0-0 रहा। रियल मैड्रिड और डॉर्टमुंड ने कई मौके जरूर बनाए, लेकिन वे गोल दागने में सफल नहीं रहे। डॉर्टमुंड के लिए 23वें मिनट में निकलस फुलक्रुग ने शानदार मौका बनाया लेकिन गेंद गोल पोस्ट से टकराकर आ गई। पहला हाफ गोलरहित खत्म होने के बाद दूसरे हाफ में रियल मैड्रिड ने आक्रमण तेज कर दिया। लेकिन डॉर्टमुंड ने अपने डिफेंस में कोई गलती नहीं की। एक समय ऐसा लगा कि मैच ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा है। मगर फैंस का इंतजार आखिरकार खत्म हुआ और रियल मैड्रिड के लिए पहला गोल डानी कार्वाहाल ने 74वें मिनट में किया। इसके बाद डॉर्टमुंड ने भी अटैक शुरू किया लेकिन इसका उन्हें लाभ नहीं मिला।

## छोटे व मझौले अखबारों की हर समस्या का शीघ्र निस्तारण होगा-संजय जाजू

### अख़बारी कागज को जीएसटी मुक्त कराने हेतु जीएसटी काउंसिल को संदर्भित किया जाएगा

### सीबीसी पैनल एडवाइजरी कमेटी को पुनर्गठित करने का आश्वासन

**नई दिल्ली ( विश्व परिवार ) ।** समाचार पत्रों के लिए प्रेस सेवा पोर्टल की जटिलताओं सहित वर्तमान अनेकों समस्याओं के निराकरण के संबंध में आज देश के शीर्ष समाचार पत्र एसोसिएशन व भारतीय प्रेस परिषद सदस्यों का छह सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल श्री संजय जाजू जी वरिष्ठ आईएएस सचिव,सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के साथ सद्भावपूर्वक बैठक की, जिसमें समाचार पत्रों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई और सचिव सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय श्री संजय जाजू जी ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुनने के पश्चात उक्त मांगों के संबंध में सहानुभूति पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य यह कतई नहीं कि छोटे और मध्यम श्रेणी के अखबारों के सामने किसी तरह की समस्या पैदा हो बल्कि हमारा उद्देश्य है कि प्रक्रिया को सरलीकृत कर सभी को राहत दी जाएगी । यदि नए पोर्टल में कुछ खामियां हैं, जो होना स्वाभाविक है तो उनको दूर किया जाएगा । आप लोगों द्वारा चिन्हित समस्याओं का परीक्षण कराके उन पर अपेक्षित सुधार अवश्य किया जाएगा ।

ऑल इंडिया स्माल एंड मीडियम न्यूजपेपर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रेस काउंसिल ऑफइंडिया के वरिष्ठ सदस्य सरदार गुरिंदर सिंह ने भी छोटे और मझौले अखबारों की अनेकों समस्याओं पर चर्चा की । उन्होंने कहा कि प्रेस सेवा पोर्टल में बहुत सी खामियां हैं जिससे प्रकाशकों के सामने बहुत समस्याएं आ रही है जिस पर सचिव महोदय ने कहा कि पोर्टल की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करेंगे जो भी दिक्कत है उसका निस्तारण निश्चित रूप से किया जाएगा । अखिल भारतीय समाचार पत्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चंद शुक्ला ने कहा कि जब तक प्रेस सेवा पोर्टल की जटिलताओं को दूर न किया जाए तब तक पुरानी प्रणाली से ही प्रकाशकों को एनुअल रिटर्न भरने की व्यवस्था की जाए । प्रेस काउंसिल के सदस्य एवं ऑल इंडिया स्माल एंड मीडियम न्यूजपेपर फेडरेशन के राजस्थान स्टेट प्रभारी एवं प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य एल. सी. भारतीय ने प्रेस संबंधी मामले पर बात की और कहा कि ज्यादातर प्रेस वाले नई नियमावली को लेकर विरोध जता रहे हैं और उसमें बहुत से लोगों का जी.एस.टी. भी नहीं है । उनकी काम की सीमा भी जी.एस.टी. के दायरे से बाहर है । इसका समाधान होना बहुत ही आवश्यक है । इस समस्या का समाधान किया जाए जिससे लोग आसानी से अपना एनुअल रिटर्न भर सकें । उक्त विषय पर सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस समस्या को दूर करें । ऑल इंडिया स्मॉल और मीडियम न्यूजपेपर फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव अशोक नवरतन ने छोटे मझौले अखबारों से जी.एस.टी. हटाने हेतु अपना पक्ष रखा, उन्होंने कहा कि प्रेस काउंसिल आफइंडिया ने जीएसटी काउंसिल को इस संबंध में कई बार नोटिस किया किंतु आज तक इस संबंध में कोई सार्थक कार्रवाई नहीं हुई इस संबंध में सचिव श्री जाजू जी ने पूछा कि क्या जीएसटी से पहले अखबारों के कागज खरीद पर सेल टैक्स नहीं लगता था अगर नहीं तो हम आपकी समस्या पर विचार करेंगे । ऑल इंडिया स्माल एंड मीडियम न्यूजपेपर्स के उत्तर प्रदेश प्रभारी आसिफजाफ़री विक्रांत ने कहा कि प्रेस को जी.एस.टी. से मुक्त कर दिया जाए नहीं तो छोटे और मझौले अखबारों के लिए समस्या पैदा हो जाएगी । फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि छोटे और मझौले अखबारों का विज्ञापन सी.बी.सी. द्वारा पूर्णतया बंद कर दिया गया है । यहां तक की प्रमुख अवसरों पर भी कोई विज्ञापन नहीं जारी किया जा रहा है तो ऐसी स्थिति में जब कि छोटे बड़े पर नियम समान रूप से लागू हैं और सभी समान रूप से नियमों का अनुपालन भी कर रहे हैं तो आखिर छोटों के साथ सौतेला व्यवहार क्यों ? अखबारों की जी.एस.टी. के मुद्दे पर बात रखते हुए उन्होंने कहा कि जब छोटे और मध्यम श्रेणी के अखबार विज्ञापन पर जी.एस.टी. दे रहे हैं तो कम से कम छपाई वाले पेपर को तो जी.एस.टी. मुक्त किया जाए, इस पर उन्होंने कहा कि विज्ञापन के लिए छोटे और मध्यम की हिस्सेदारी तय कर इसका निस्तारण भी किया जाएगा । अंत में उन्होंने स्पष्ट किया कि आप लोगों द्वारा चिन्हित बिंदुओं का निस्तारण अतिशीघ्र किया जाएगा ।

वार्ता के अंत में सूचना प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा कि सेंट्रल प्रेस प्रत्यायन समिति का शीघ्र गठन किया जाएगा, और समिति गठित होने तक वर्तमान समिति का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है । केंद्रीय संचार ब्यूरो से छोटे एवं मध्यम समाचार पत्रों को विज्ञापन दिलाए जाने का भी आश्वासन दिया । इसके अतिरिक्त सीबीसी के पैनल एडवाइजरी कमेटी को नियमानुसार पुनर्गठित करने का भी आश्वासन दिया। सी.बी.सी. की विज्ञापन दरों की वृद्धि के मामले पर भी उन्होंने कहा संदर्भित प्रकरण में शीघ्र निर्णय कर दिया जाएगा ।

## चुनाव के चुनौतीपूर्ण बाजार परिस्थितियों के बावजूद कंपनी ने मई 2024 में 4769 वाहनों की बिक्री की है

**नईदिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआईएल) देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी ने शनिवार को मई में 1,44,002 इकाइयों की कुल घरेलू बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल के इसी महीने में 1,43,708 इकाइयों की तुलना में साल-दर-साल (वर्ष-दर-वर्ष) मामूली वृद्धि है. मिनी सेगमेंट (ऑल्टो और एस-प्रेसो) की बिक्री मई 2023 में 12,236 इकाइयों की तुलना में महीने के दौरान घटकर 9,902 इकाई रह गई और कॉम्पैक्ट सेगमेंट (जैसे बलेनो, स्विफ्ट, वैगनआर) की बिक्री भी पिछले साल के इसी महीने में 71,419 इकाइयों के मुकाबले घटकर 68,206 इकाई रह गई.

हालांकि यूटिलिटी वाहनों (जैसे ब्रेजा, ग्रैंड विटारा और अर्टिगा) की घरेलू बिक्री 54,204 इकाइयों के साथ लगातार बढ़ रही है जबकि पिछले साल के इसी महीने में यह 46,243 इकाई थी.

महीने के दौरान इसका कुल निर्यात सालाना आधार पर 34.40 फीसदी घटकर 17,367 इकाई रह गया, जो पिछले साल के इसी महीने में 26,477 इकाई था.

इसी तरह, हुंडई मोटर इंडिया (एचएमआईएल) ने मई में 49,151 इकाइयों की घरेलू बिक्री दर्ज की, जो पिछले साल के इसी महीने में 48,601 इकाइयों की तुलना में साल-दर-साल (वर्ष-दर-वर्ष) 1.13 प्रतिशत की वृद्धि है. निर्यात में, बिक्री मई 2023 में 11,000 इकाइयों की तुलना में महीने के दौरान 31 प्रतिशत सालाना बढ़कर 14,400 इकाइयों तक पहुंच गई. हमने अपने श्रीपेरंबुदूर कारखाने में एक सप्ताह तक चलने वाले नियमित द्वि-वार्षिक रखरखाव बंद होने के बावजूद, मई 2024 में एक स्वस्थ कुल बिक्री मात्रा बनाए रखी है. एसयूवी एचएमआईएल के लिए विकास चालक बनी हुई है, जो पिछले महीने घरेलू बिक्री का 67 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार है. एचएमआईएल के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने कहा, मई में हमारी ग्रामीण पहुंच 20.1 प्रतिशत रही.

'सेल्टोस' निर्माता किया इंडिया ने भी मई में अपनी बिक्री में एकल अंक की वृद्धि (5 प्रतिशत) दर्ज की और यह बढ़कर 19,500 यूनिट हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 18,766 यूनिट थी.

इस वर्ष में अब तक, हम अपने मॉडलों के नए प्रतिस्पर्धी वेरिएंट पेश करने में आक्रामक रहे हैं, जिसने हमारी बिक्री में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. एक मजबूत नेटवर्क विस्तार रणनीति के साथ, हम शेष वर्ष में विकास जारी रखेंगे और जल्द ही एक मिलियन घरेलू बिक्री मील का पत्थर पार कर लेंगे, हरदीप सिंह बराड़, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रमुख बिक्री at Kia India, said. Meanwhile, Mahindra & Mahindra (M&M) reported a Y-o-Y growth of v| per cent to yx,wv} units in May as compared with xw,}}x units in the corresponding month last year. "We sold a total of yx,wv} SUVs in May, a growth of xv per cent and |v,{}w total vehicles, a v| per cent growth over last year.

## स्वास्थ्य विभाग ने डीडी नगर का सफाई कर त्वरित निदान किया

**रायपुर (विसं)।** आज नगर पालिक निगम रायपुर में प्राप्त सफाई से सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गए आदेशानुसार नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर श्री विमल शर्मा के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संदीप वर्मा ने तत्काल 6 सफाई कामगारों का गैंग भेजकर डीडी नगर क्षेत्र में पासपोर्ट ऑफिस के पास विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा उठवाकर स्वच्छता कायम करते हुए प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया.

# संक्षिप्त समाचार

## कु. प्रत्युषा पुरोहित ने कंचन कोसी पशुपति महोत्सव नेपाल-2024 में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शहर का गौरव बढ़ाया

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मधुसुदन पुरोहित की पौत्री कुमारी प्रत्युषा पुरोहित पुत्री श्रीकांत मधुलिका पुरोहित ने कंचन कोसी पशुपति महोत्सव नेपाल 2024 (अन्तर्राष्ट्रीय महोत्सव) में सीनियर कैटेगरी कथक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर पूरे शहर का गौरव बढाया है। यह प्रतियोगिता नृत्युधम कलासमिति भिलाई और एआईडीए के सहयोग से काठमांडू नेपाल में 25.05.2024 को आयोजित की गई। प्रत्युषा शहर के कृष्णा पब्लिक स्कूल की छात्रा और नृत्यांजली डांस अकादमी रायपुर के संचालक कमलेश कुमार मरकाम (विक्की) की शिष्या है। पूरा परिवार इनका आभारी है।





## राजधानी रायपुर के लालागंगा शॉपिंग कॉम्पलेक्स में लगी आग, मचा हड़कंप

**रायपुर ( विसं )।** राजधानी रायपुर के लाल गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में सोमवार को आग लग गई है। आग लगते ही काम्पलेक्स में अफरा तफरी मच गई और सभी दुकानदार अपनी दुकानें छोड़ बाहर निकल गये। सूचना पर मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर राजधानी रायपुर के लाल गंगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में स्थित इलेक्ट्रिक पैनल रूम में शॉट शर्किट की वजह से आग लग गई तथा पूरे कॉम्पलेक्स में फैलने लगी। सुरक्षा के मद्देनजर सभी दुकानदारों से दुकाने बंद करवा दी गई तथा कॉम्पलेक्स के दुकानदारों ने आग बुझाने का प्रयास किया किंतु सफल नही होने पर तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। जिन्होंने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। ज्ञात हो कि लालगंगा शॉपिंग मॉल में एक साल पहले भी आग लगी थी। इस दुघर्टना में किसी प्रकार के बड़े नुकसान की सूचना नही है।



# मुख्यमंत्री साय ने वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

### लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला अलर्ट रहें

### सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाईयों की पर्याप्त उपलब्धता हो, जल स्त्रोतों का किया जाए क्लोरिनेशन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने मानसून के दौरान संभावित बीमारियों की रोकथाम के लिए अधिकारियों को राजधानी से लेकर ग्राम पंचायत तक लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने हैंडपंप, नलकूप, एवं जल स्त्रोतों की मरम्मत, साफ-सफाई और क्लोरिनेशन कराने के भी निर्देश दिए हैं। ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरिन टैबलेट की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने वर्षाजन्य बीमारियों एवं अन्य समस्याओं से निपटने के लिए प्रशासनिक अमले के साथ लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले को अलर्ट रहने को कहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा है कि बरसात के मौसम में उल्टी-दस्त, मलेरिया आदि मौसमी बीमारियों के होने की ज्यादा आशंका रहती है। पेयजल स्त्रोतों की सफाई जैसे छोटे-छोटे उपायों से इन बीमारियों के प्रकोप से बचा जा सकता है। राज्य में संक्रामक बीमारियों की दृष्टि से संवेदनशील गांवों और इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा लगातार निगरानी रखी जानी चाहिए।

**सर्पदंश से बचाव के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध हो एन्टी स्नेक वेनम :** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जशपुर अंचल सहित ऐसे क्षेत्र जहा सर्पदंश के मामले ज्यादा आते हैं उन इलाकों में बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एन्टी स्नेक वेनम की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में सर्पदंश के प्रकरणों को हैण्डल करने के लिए चिकित्सक एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध रहें।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वर्षाजनित बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के निर्देश भी दिए हैं। बारिस के मौसम में घरों के आसपास जल जमाव न हो, ताकि मच्छर न पैदा हों। सर्दी-बुखार, खांसी, उल्टी-दस्त समस्या होने पर लोग स्वास्थ्य केन्द्र जाएं और चिकित्सक की सलाह से ही दवाओं का सेवन करें।

## मोदी के माथे पर जनता लगा रही है विजय तिलक : बृजमोहन अग्रवाल



**रायपुर ( आरएनएस )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने देश में हुए लोकसभा चुनाव के एग्जिट पोल पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एग्जिट पोल से यह साबित हो रहा है कि भारत की जनता नरेंद्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व पर अपनी मोहर लगाते हुए उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाए जाने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। वहीं विदेशी ताकतों के हाथों की कठपुतली बनकर देश की अखंडता के साथ खिलवाड़ करने वाले, धर्म एवं समाजों में भेद कराने वाले, भ्रष्टाचार करके जेल जाने वालों की पार्टी कांग्रेस व उनके गठबंधन दलों को देश की सत्ता से दूर ही रख रही है।

बृजमोहन ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता भी लोकसभा चुनाव में 11 में से 11 सीटें भाजपा को सौंप रही है। जनता का यह निर्णय निश्चित तौर पर भाजपा के सुशासन,विकास और सुरक्षा के संकल्प को समर्थन देना ही है। बृजमोहन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता के लिए राजनीति नहीं करती। भाजपा का ध्येय राष्ट्र, धर्म और समाज की सेवा करना है। मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की हमारी सरकार ने बगैर भेदभाव के देश के जनता की सेवा की। उनके विकास, उनकी सुरक्षा, उनके भविष्य की चिंता करते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ उन्हें प्रदान किया। फल स्वरुप आज देखिए देश की जनता का आशीर्वाद पुन: भाजपा को मिल रहा है।

## सौम्या चौरसिया, रानू साहू, समीर बिश्नोई और सूर्यकांत तिवारी की रिमांड बढ़ी

**रायपुर ( आरएनएस )।** करोड़ों के कोयला घोटाला केस में ईओडब्ल्यू की रिमांड पर चल रहे निलंबित पूर्व उपसचिव सौम्या चौरसिया, निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर बिश्नोई और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी की रिमांड और बढ़ गई है।

सोमवार को चारो आरोपियों को विशेष कोर्ट में पेश किया गया था। जहां ईओडब्ल्यू की मांग पर कोर्ट ने चारो की रिमांड बढ़ा दी है। कोर्ट ने सौम्या चौरसिया एवं रानू साहू को 5 जून तक और समीर विश्नोइ तथा सूर्यकांत तिवारी को 10 जून तक रिमांड पर भेजा है।

ज्ञात हो कि पहली रिमांड के दौरान ईओडब्ल्यू ने चारों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की लेकिन इनसे घोटाले से संबंधित कोई खास जानकारी नहीं मिल पाई है। लिहाजा ईओडब्ल्यू की ओर से फिर से चारों की रिमांड बढ़ाने के लिए कोर्ट में आवेदन लगाया था जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया और आरोपियों की रिमांड बढ़ा दी।

बता दें कि कोल घोटाले मामले में सभी आरोपी लगभग डेढ़ साल से जेल में बंद है। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 11 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें केवल कारोबारी सुनील अग्रवाल को जमानत मिली है। ईओडब्ल्यू का आरोप है कि पिछली सरकार में प्रभावशाली लोगों ने मिलकर अवैध कोल परिवहन घोटाला किया था। यह घोटाला 540 करोड़ से ज्यादा का है। इसलिए ईडी के प्रतिवेदन पर केस दर्ज किया गया।

## एम्स में दो रोगियों की बेंटाल सर्जरी, हृदय की महाधमनी में थी रुकावट



### आनुवांशिक दुर्लभ बीमारी मोर्फान सिंड्रोम से पीड़ित थे दोनों रोगी, डिस्चार्ज किए गए

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों ने दुर्लभ मोर्फान सिंड्रोम से पीड़ित दो रोगियों की जटिल बेंटाल सर्जरी की है। इसमें हृदय के एऑर्टिक वाल्व और ऊपर के एऑर्टा के एक भाग का सही विकास न हो पाने की वजह से उसे ऑपरेशन थियेटर में बनाए गए एक विशेष वाल्व से बदल दिया जाता है। दोनों रोगियों की यह सर्जरी सफल रही है और दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया है।

दुर्ग के 35 वर्षीय पुरुष रोगी और कबीरधाम के 18 वर्षीय स्कूली छात्र को एम्स में सांस लेने में दिक्कत के बाद उपचार के लिए लाया गया था। चिकित्सकों की जांच में ज्ञात हुआ कि दोनों मोर्फान सिंड्रोम बीमारी से पीड़ित हैं। यह आनुवांशिक बीमारी होती है जिसमें गर्भकाल में शिशु में जेनेटिक बदलाव के कारण क्रोमोसोम्स में दिक्कत से हृदय और आंख की मांसपेशियां और ऊतक विकसित नहीं हो पाते। इससे हृदय की महाधमनी की मांसपेशियों में अत्याधिक फैलाव, लीकेज, हार्ट फेल होना और महाधमनी के फटने की चुनौती रहती है। बढ़ती उम्र के साथ इसका और अधिक प्रभाव दिखने लगता है। इससे सांस फूलना, अत्याधिक थकावट, कमजोरी के लक्षण आने लगते हैं।

एम्स के सर्जन्स की टीम के डॉ. जी. सौरभ, डॉ. निरुपम चक्रवर्ती, डॉ. प्रनय, डॉ. स्नेहा और मुख्य कार्डियिक एनेस्थेटिस्ट डॉ. सुब्रता सिंगा ने डॉ. जितेंद्र के साथ मिलकर लगभग आठ घंटे लंबी चुनौतीपूर्ण कार्डियक सर्जरी की। इसे बेंटाल विद हेमी आर्च कहा जाता है। एम्स में यह सर्जरी पहली बार की गई है।

अमेरिकन हॉर्ट एसोसिएशन के एक शोध के मुताबिक तीन से पांच हजार बच्चों में से एक को यह बीमारी जन्मजात होने की संभावना होती है। मोर्फान सिंड्रोम के 60 से 80 प्रतिशत रोगियों को इस प्रकार की समस्या होने पर तुरंत सर्जरी की आवश्यकता होती है।

रोगी की ऑपरेशन पूर्व जांच में डॉ. सत्यजीत, डॉ. सुरेंद्र नायक और प्रो. नरेंद्र बोधे भी शामिल थे। ड़ॉ. अनिल, डॉ. संदीप, डॉ. अखिलेश, डॉ. गासपर, डॉ. मनीष, डॉ. अर्पित, डॉ. अमृतांश के साथ ओटी, वार्ड और ओपीडी के कर्मचारियों ने भी इस सर्जरी में अहम योगदान दिया। दोनों रोगियों को पांच दिन तक आईसीयू और उसके बाद पांच दिन तक वार्ड में चिकित्सकों की गहन निगरानी में रखा गया। इसके बाद पूर्णत: स्वस्थ होने के बाद उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। दोनों की सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नि:शुल्क की गई। टीम को कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने बधाई देते हुए इसी प्रकार स्वास्थ्य चुनौतियों का मिलकर हल करने पर जोर दिया है।

## मेकाहारा में 12 लाख की 2 एक्स रे मशीन का दान





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मेकाहारा (मेडिकल कालेज अस्पताल, रायपुर) में महावीर इन्टरकान्टीनेंटल सर्विस आर्गेनाईजेशन (मीसो) रायपुर के प्रयास से एवं केन फिन होम्स बेंगलुरू के सी.एस. आर. फण्ड के माध्यम से लगभग 12 लाख रूपये की 2 एक्स-रे मशीन उपलब्ध करवाई गई। ज्ञात हो कि मेकाहारा में 4 एक्स रे मशीन है जिसमें 3 मशीन कन्डम हो चुकी थी व रिपेरिंग के लायक भी नहीं रही एवं गरीब मरीज एक्स रे के लिए परेशान हो रहे थे। हमने प्रयास करके केन फिन होम्स के द्वारा सी.एस.आर. मद से 12 लाख रूपये की स्वीकृति ली जिसमें श्री धनन्जय कुमार ब्रांच मैनेजर का विशेष सहयोग रहा।

डॉ. एस.बी. एस. नेताम अधीक्षक मेकाहारा ने अतिशीघ्रता से लेटर उपलब्ध करवाते हुए एवं मशीनों का इन्सटालेशन करवाया दोनों मशीनों पर एक्स रे प्रारम्भ हो गया है तथा सैकड़ों लोगों को एक्सरे कराने में सुविधा हो गई व हर मरीज इस कार्य की भूरि भूरि प्रंशसा कर रहे है। इन मशीनों का डॉ. एस.बी.एस. नेताम अधीक्षक मेकाहारा, केन फिन होम्स के ब्रांच मैनेजर श्री धनंजय कुमार, मीसो के अर्राष्ट्रीय महासचिव वीर लोकेश कावड़िया की विशेष उपस्थिति में उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर डॉ. राजेश सिंह, डॉ. आशुतोष गुप्ता आंको सर्जन, केन फिन होम्स के श्री शाश्वत सहारे, श्री संतोष पुरी, सुश्री रितु सिंह, मीसो के अध्यक्ष वीर मोतीलाल ओसवाल, प्रदेश अध्यक्ष वीर अशोक जैन, प्रदेश महासचिव वीर राजेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष वीर जयंत भाई टांक, कोषाध्यक्ष वीर संजय गिड़िया, आई केयर डायरेक्टर वीर धर्मेन्द्र जैन, ईयर केयर डायरेक्टर वीर नरेन्द्र लूनिया, युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष वीर पकंज बोथरा डायरेक्टर वीरा किरण जैन, वीरा निर्मला भण्डारी, डायरेक्टर वीरा मीली बेनर्जी, वीरा विधी तिवारी बेमेतरा, वीर कन्हैया अग्रवाल, वीर कुलदीप सिंघई, वीर मुकेश सिंह, वीर फुलचंद नाहटा, वीर चम्पालाल प्रजापति, वीरा आरती सिंह, वीरा ममता बोरकर सहित अनेक समाजसेवी एवं डाक्टर्स उपस्थित हुए एवं इस तरह के सेवाकार्य की सराहना की।

## चक्रधरपुर रेल मंडल में एनएचएस लांचिंग हेतु ब्लॉक के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत काँसबहाल-राजगंगपुर सेक्शन में स्थित समपार संख्या 221 में एनएचएस लांचिंग का कार्य ब्लॉक लेकर किया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। जिसका विवरण इस प्रकार है-



**रदद होने वाली गाड़ियां-** दिनांक 05 जून 2024 को टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। दिनांक 05 जून 2024 को टाटानगर व बिलासपुर से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**देरी से रवाना होने वाली गाड़ियां-** दिनांक 04 जून 2024 को एलटीटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 22511 एलटीटी-कामाख्या एक्सप्रेस 07 घंटे देरी से रवाना होगी। दिनांक 04 जून 2024 को योग नगरी ऋषिकेश से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18478 एक्सप्रेस 03 घंटे 45 मिनट देरी से रवाना होगी। दिनांक 04 जून 2024 को सीएसएमटी से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12261 सीएसएमटी-हावड़ा दुरन्तो एक्सप्रेस 04 घंटे देरी से रवाना होगी। दिनांक 05 जून 2024 को हावड़ा से रवाना होने वाली गाडी संख्या 12262 हावड़ा-सीएसएमटी दुरन्तो एक्सप्रेस 07 घंटे देरी से रवाना होगी।

**गंतव्य से पहले समाप्त/प्रारम्भ होने वाली गाड़ी-** 01 दिनांक 04 जून 2024 को आरा से रवाना होने वाली 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस राउरकेला स्टेशन में समाप्त होगी तथा 05 जून 2024 को 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस के रूप में राउरकेला स्टेशन से प्रारम्भ होगी 7 इस प्रकार दिनांक 05 जून 2024 को 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार, राउरकेला-दुर्ग के मध्य तथा 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार, दुर्ग-राउरकेला के मध्य रद्द रहेगी।

## रायपुर रेल मंडल में रेलवे ट्रैक के नीचे केबल/पाइप क्रॉसिंग विषय पर विशेष संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन






**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में दिनांक 03/06/24 को संरक्षा विभाग के द्वारा रेलवे ट्रैक के नीचे केबल/पाइप क्रॉसिंग के ऊपर विशेष संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन डब्ल्यू. आर एस कॉलोनी/ रायपुर में किया गया जिसमें दिनांक 19/05/24 को उरकुरा में हुई घटना के संबंध में किया गया, जिसमें CSPDCL, PHED एवं रेलवे की तरफ से रायपुर, बिलासपुर एवं नागपुर मंडल ने भाग लिया। रेलवे की तरफ से मंडल रेल प्रबंधक/ रायपुर, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन/ रायपुर एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक/ इंफ्रा /रायपुर, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर के अलावा सभी शाखा अधिकारी मौजूद रहे CSPDCL तथा PHED की तरफ से भी उक्त संगोष्ठी में SE, EE, AE एवं पर्यवेक्षक मौजूद थे।

उक्त संगोष्ठी में रेलवे ट्रैक के नीचे केवल पाइप क्रॉसिंग के ऊपर चर्चा की गई। उक्तअ कार्यक्रम में करीब 200 अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों ने भाग लिया तथा करीब 70 पर्यवेक्षक ऑनलाइन के माध्यम से इस कार्यक्रम में जुड़े। मंडल रेल प्रबंधक ने दूसरे विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने, सही कार्य प्रणाली, सही औजार एवं उपकरण के उपयोग पर जोर दिया। टेक्निकल कार्यों में प्रशिक्षित कर्मचारियों को उपयोग करने की बात संबंधित विभागों को कही गई। अपर मंडल रेल प्रबंधक के द्वारा उरकुरा स्टेशन में हुई दुर्घटना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टीआरडी ने केवल पुशिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता ने केवल रूट कंप्लीशन डायग्राम एवं ट्रांसमिशन का उपयोग के संबंध में जानकारी दी। वरिष्ठ मंडल अभियंता ने RBCS ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग के बारे में बताया। कार्यवाहक अभियंता/CSPDCL ने रेलवे के साथ समन्वय स्थापित करने में आने वाली समस्याओं के बारे में बताया जिसका तुरंत निराकरण मंडल रेल प्रबंधक द्वारा किया गया। इस पर फील्ड में एक्सपर्ट श्री कंस्ट्रक्शन एवं मैक्सवेल कंपनी द्वारा केबल पुशिंग करने वाले HDD मशीन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा ग्राउंड पर HDD मशीन का लाइव डेमोंसट्रेशन किया गया।

वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम का समापन करते हुए सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपर मंडल रेल प्रबंधक /इंफ्रा तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक/ परिचालन ने अहम भूमिका निभाई।

## पर्यावरण दिवस विशेष : गौवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए समर्पित अखिल जैन ने तैयार कर दिया जंगल-तालाब

### गौमूत्र और गोबर से तैयार कर रहे कई उत्पाद

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पर्यावरण दिवस 5 जून को देशभर में मनाया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर वर्ग कुछ न कुछ प्रयास कर रहा है, लेकिन हम आज एक ऐसे व्यक्ति की बात कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी संपत्ति की जमापूंजी गौवंश के संरक्षण व संवर्धन में लगा दी। यह नाम है अखिल जैन (पदम डाकलिया) का। अखिल जैन गौवंश के माध्यम से प्रकृति, जल, वायु संरक्षण के अलावा मानव स्वास्थ्य के लिए काम कर रहे हैं। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए शोध के माध्यम से उन्होंने गौमूत्र से फसल अमृत नामक फर्टिलाइजर तैयार किया है। अब तक करीब 5 लाख लीटर से अधिक फसल अमृत का वितरण नि:शुल्क किया जा चुका है।



पर्यावरण संरक्षण के लिए वे अपनी गौशाला में पौधों का रोपण कर जंगल निर्माण कर रहे हैं। तालाब भी बनवाया है। मनोहर गौशाला खैरागढ़ के मैनेजिंग ट्रस्टी अखिल जैन पर्यावरण संरक्षण को लेकर कई काम कर रहे हैं। पेश है उनसे बातचीत के कुछ अंश...

**प्रश्न-** लोग पेड़ काट रहे हैं, लेकिन आपने पौधे लगा-लगाकर पूरा जंगल तैयार कर दिया है?

**उत्तर-** गौशाला परिसर में हजारों पौधों का जंगल तैयार हो रहा है। यह वर्षों के प्रयास के बाद संभव हो पाया है। इसके अलावा जंगल के बीच तालाब का भी निर्माण किया गया है। भीषण गर्मी में इस तालाब के कारण हरियाली देखते बनती है। एक ही जगह पर जंगल, तालाब, पशु चिकित्सालय, गौशाला, रिसर्च सेंटर में गौ अर्क व फसल अमृत निर्माण सहित अन्य पर्यावरण से सबद्ध काम हो रहे हैं। ऐसे में यहां ऐसा लगता है कि धरती पर स्वर्ग आ गया है।

**प्रश्न-** आपने गाय एक वरदान नामक पुस्तक लिखी है। इसके प्रकाशन का उद्देश्य क्या है?

**उत्तर-** जब गौमाता की रक्षा होगी, तभी प्रकृति, मानव, संसाधन की रक्षा हो पाएगी। यह पुस्तक हमें गौ माता से जोड़ती है, साथ ही प्रकृति सुरक्षा से जोड़ती है। पुस्तक लिखने व प्रकाशन की प्रेरणा मुझे मेरे माता-पिता से मिली है। पिता किसान थे और माता गौ भक्त थीं। गुरुदेव से इसकी प्रेरणा मिली। शायद इसीलिए मैं प्रकृति और गौ माता से जुड़ पाया।

**प्रश्न-** बताया जाता है कि मनोहर गौशाला में एशिया का सबसे बड़ा पशु चिकित्सालय बनाया जा रहा है?

**उत्तर-** पशुओं में कई बड़ी-बड़ी बीमारियां असाध्य रूप से फैल रही हैं, इसे देखते हुए पशु चिकित्सालय का निर्माण किया जा रहा है। चरणबद्ध तरीके से इसका काम चल रहा है। यहां मवेशियों के इलाज की सारी सुविधाएं होंगी। साथ ही उन्हें भर्ती भी किया जा सकेगा। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम यहां सेवाएं देंगी।










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354